जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 184 प्रभात जालोर, बुधवार 9 अक्टूबर, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# जाट-गैर जाट का ध्रुवीकरण ले बैठा कांग्रेस को हरियाणा में?

## ध्रुवीकरण को ताकत मिली इस बात से कि टिकट वितरण में पूरी तरह से चली सशक्त जाट नेता भूपेन्द्र सिंह हूडा की। उन्हें 90 टिकटों में से 73 सीटों पर उम्मीदवार चुनने का एकाधिकार दिया गया

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। सभी उम्मीदों और भविष्यवाणियों को उलटते हुए भाजपा ने निर्णायक रुप से कांग्रेस को हराकर और 90 में से 48 सीटों पर जीत हासिल करके पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार लगातार तीसरी बार सत्ता में तीसरा कार्यकाल अपने नाम किया है।

सूत्रों का कहना है कि मौजूदा मुख्यमंत्री सैनी इस पद पर बने रहेंगे।

जम्मू और कश्मीर में कांग्रेस नैशनल कॉन्फ्रैंस गठबंधन ने 49 सीटों के साथ बहुमत हासिल किया है तथा इस महत्वपूर्ण सीमावर्ती राज्य में सत्ता हासिल करने की भाजपा की उम्मीद पर पानी फेर दिया है।

भाजपा ने जम्मू में केवल 29 सीटें जीती हैं जबकि कांग्रेस की 6 सीटें मिलाकर नैशनल कॉन्फ्रैंस को 42 सीटें मिली हैं। जम्मू में कांग्रेस बुरी तरह हारी और वहाँ एक भी सीट नहीं जीत पाई।

उमर अब्दुल्ला अब जम्मू और कश्मीर के नए मुख्यमंत्री होंगे।

तो हरियाणा में कांग्रेस के साथ ऐसा क्या हुआ कि वो 90 में से केवल 37 सीटें ही जीत पाई और लगातार तीसरे कार्यकाल में अब विपक्ष में बैठेगी।

- इस तथ्य से, ऐसा माना जा रहा है कि गैर जाट भयभीत हुए, क्योंकि वे जाटों के सामर्थ्य व शक्ति से काफी परिचित थे। अतः भाजपा सरकार की भारी एंटी इनकम्बैंसी के बावजूद, गैर जाट वोट भारी संख्या में भाजपा के पक्ष में गिरा।
- दलित वर्ग ने भी कांग्रेस का साथ छोड़ा तथा राम रहीम के नेतृत्व में भाजपा के पक्ष में मतदान किया, जिन्हें चुनाव से पूर्व जेल से पैरोल पर रिहा किया गया था। राम रहीम के अनुयायी मूलतः दलित हैं।
- भाजपा की जीत का एक अहम् कारण यह भी है कि बड़ी होशियारी से भाजपा ने हर सीट पर माइक्रो मैनेजमैंट किया। उदाहरण के लिये, कांग्रेस के वोट बैंक का विभाजन करने के लिए, सीट की स्थिति देखते हुए कहीं तो बसपा का चौटाला की पार्टी से गठबंधन करवाया और कहीं आज़ाद का उपयोग किया और कहीं और निर्दलीय उम्मीदवार खड़े किये, कांग्रेस को नुकसान पहुँचाने के लिये।

हरियाणा में कांग्रेस की इस बुरी हार के लिए कई कारकों को जिम्मेवार माना जा रहा है।

विश्लेषकों का कहना है कि, ध्रुवीकरण और भाजपा का माइक्रोमैने-जमैंट तथा चुनावी जोड़-तोड़ इसका कारण है।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा, "किसी भी राज्य में, जहाँ भाजपा का सी.एम. और डी.एम. है, आप निश्चित रुप से कह सकते हैं कि वो चुनाव जीतेंगे।"

विश्लेषकों का कहना है कि जाट और गैर जाट की भी भूमिका रही है। हरियाणा के जाट दिग्गज, भूपिंदर सिंह हूडा को 90 में से 73 टिकट दिए गए बांटने के लिए, जिससे यह स्पष्ट संदेश गया कि वो ही "बॉस" और अगले मुख्यमंत्री हैं।

इससे गैर जाट डर गए जो जाटों की शक्ति से आंतकित थे और उन्होंने, भारी प्रशासन विरोधी भावनाओं के बावजूद भाजपा को वोट दिया। दलितों ने भी कांग्रेस का पाला छोड़ दिया और जेल से बाहर आए राम रहीम के नेतृत्व में भाजपा को वोट दिया। राम रहीम के अधिकतर अनुयायी दलित हैं।

भाजपा ने, मतों को विभाजित करने के लिए तथा कांग्रेस वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए हर एक निर्वाचन क्षेत्र में बखूबी से माइक्रोमैनेजमैंट किया। हरियाणा में चौटाला की पार्टी से बसपा का गठबंधन किया कश्मीर आज़ाद से ताकि वोट काटे जा सके। यही नहीं निर्दलियों को भी मैदान में उतारा कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने के लिए।

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि कुछ जिलों में ई.वी.एम. के साथ छेड़छाड़ की गई। पार्टी का आरोप है कि उन ई.वी.एम. में, जिनमें बैटरी 99 प्रतिशत थी (जो कि

( शेष पृष्ठ 3 पर )

# दो अमरीकी वैज्ञानिकों को फीज़िक्स का नोबल

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। फीज़िक्स में वर्ष 2024 का नोबल पुरुस्कार जॉन एच. होपफील्ड एवं ज्यॉफ्री ई. हिन्टन को दिया गया है। इन्हें यह सम्मान

- जॉन होपफील्ड और ज्यॉफ्री हिंटन को आर्टिफिशियल न्यूरल नैटवर्क के साथ मशीन लर्निंग में नई खोज करने के लिए नोबल पुरुस्कार दिया गया है।

( शेष पृष्ठ 3 पर )

# मंदिर से घर आते दम्पति पर पैंथर ने हमला किया

उदयपुर, 8 अक्टूबर (कासं)। सोमवार रात उदयपुर शहर से करीब 18 किलोमीटर दूर कुराबड मार्ग पर पैंथर ने मंदिर से लौट रहे बाइक सवार दम्पति

- कुराबड़ मार्ग पर यह स्थान उदयपुर शहर से 18 किलोमीटर दूर है। दम्पति बाइक से गिर गया था, पर, अन्य वाहनों की अवाज़ से पैंथर भाग गया।

( शेष पृष्ठ 3 पर )

# हरियाणा की सफलता से महाराष्ट्र और झारखंड में भाजपा की संभावनाएं मजबूत होंगी

## हरियाणा में तमाम विपरीत हालातों और अनुमानों के बावजूद भी जीत हासिल होना भाजपा की बड़ी सफलता है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। हरियाणा में एग्ज़िट पोल्स की भविष्यवाणियों के विपरीत हुई भाजपा की अप्रत्याशित विजय पार्टी की समझ-बूझ तथा रणनैतिक कौशल को रेखांकित करती है, जबकि पार्टी के सम्मुख अनेक चुनौतियाँ थीं। इस स्थिति में ऐसी सम्भावना प्रतीत होना स्वाभाविक ही है कि शीघ्र ही होने वाले महाराष्ट्र एवं झारखंड के चुनावों में भाजपा की स्थिति को अतिरिक्त बल मिलेगा तथा भाजपा विपक्ष की एकता एवं रणनीतियों को चुनौती दे सकेगी।

हरियाणा में, भाजपा एग्ज़िट पोल्स के जबड़ों से विजय को छीनती दिखाई दी है। विदित ही है कि एग्ज़िट पोल्स ने राज्य में कांग्रेस की बहुत बड़ी जीत की भविष्यवाणी की थी।

हालांकि परिणाम अभी आ रहे हैं, लेकिन बढ़त एवं जीत दर्शा रही हैं कि भाजपा बहुमत के आँकड़े को पीछे छोड़ चुकी है। हरियाणा में भाजपा की लगातार तीसरी जीत हो गई है, इस स्थिति यह जीत और भी असाधारण एवं अद्वितीय हो गई है क्योंकि पार्टी, लम्बे समय से सत्तासीन होने के कारण, सत्ता-विरोधी लहर की आंशका से त्रस्त दिखाई दे रही थी।

- राजनैतिक हलकों में पूछा जा रहा है कि क्या लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन को मिली सफलता का रंग उतरने लगा है।
- विपक्षी दलों को अब कुछ अलग सोचना होगा और संगठन व प्रबंध के स्तर पर काम करना होगा। अब तक विपक्षी दलों को लग रहा था कि वे जातिवाद के सहारे भाजपा को मात दे सकते हैं।

हरियाणा, जहाँ सारी स्थितियाँ भाजपा के विरुद्ध थीं, में भाजपा की विजय यह दर्शा रही है कि पार्टी पतन की ओर नहीं जा रही, जैसा कि बहुत-से लोगों ने ऐसा सोचा था, जब कुछ पहले हुए लोकसभा चुनावों में इसका प्रदर्शन अपेक्षाओं से कुछ कम रहा था।

जब भाजपा लोकसभा चुनावों में 400 सीट जीतने के अपने लक्ष्य से काफी नीचे रह गई थी, यहाँ तक बहुमत का आँकड़ा नहीं छू पाई थी, उसे अपने बड़े मित्र दलों, टी.डी.पी. तथा जे.डी.(यू.) की मदद से सरकार बनानी पड़ी थी। लोकसभा चुनाव परिणामों को भाजपा के प्रभुत्व के दशक के अन्त तथा विपक्षी दलों इंडिया ब्लॉक के उदय के रूप में देखा गया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जो विपक्ष के सबसे कद्दावर नेता के रूप में उभरे थे, को एक परिपक्व नेता के रूप में देखा गया था, क्योंकि कांग्रेस ने 2019 के चुनावों में जीतीं 52 सीटों से करीब दोगुनी सीटें जीत ली थीं। सुप्रसिद्ध मोदी-लहर, जिसका मतदाताओं पर जबरदस्त प्रभाव था, भी लोगों को उतार पर दिखाई देने लगी थी।

और भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह थी कि विपक्षी दल यह मानने लगे थे कि उन्हें आखिरकार जीत का फॉर्मूला मिल गया है। रेवड़ियाँ, जाति-जनगणना, जातिगत कोटा-वृद्धि जैसी चीजें, उनके अनुसार, भाजपा के विकास एवं हिन्दुत्व के एजेंडा को हरा सकती थीं।

प्रधानमन्त्री मोदी को इन चुनावों के

( शेष पृष्ठ 3 पर )

# कांग्रेस स्वीकार नहीं कर पा रही है हरियाणा की हार को

## हार को समझाने के लिए, वो ही पुराने ई.वी.एम. आदि कारण बता रही है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। कांग्रेस ने हरियाणा के चुनाव परिणाम को अप्रत्याशित एवं स्तब्ध कर देने वाला बताया है। अपने पक्ष की शुरुआती बढ़त के बाद भाजपा के पक्ष में रुझान आने और उनमें भाजपा की बड़ी जीत में तब्दील हो जाने के घंटों बाद, कांग्रेस ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह इन परिणामों को स्वीकार नहीं कर सकती।

दिन के पूर्वान्ह काल में ही, कांग्रेस हरकत में आ गई थी तथा उसने चुनाव आयोग को एक पत्र लिख कर शिकायत की कि हरियाणा चुनाव के परिणामों की नवीनतम एवं त्वरित जानकारी देने में "समझ में न आने योग्य धीमी गति" रखी गई।

पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने पत्र में लिखा, "जैसी कि आप कल्पना कर सकते हैं, इससे "बैड फेथ एक्टर्स" को ऐसे आख्यान गढ़ने का अवसर मिलता है, जो इस प्रक्रिया को कमजोर करते हैं। आप इसके उदाहरण एवं प्रमाण सोशल मीडिया की गतिविधियों में देख सकते हैं। हमें यह भी डर है कि इस प्रकार

- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने इस बारे में चुनाव आयोग को शिकायती पत्र लिखा और कहा कि मतगणना के बारे में बहुत धीमी गति से अटपटे अंदाज़ में अपडेट किया गया, ऐसा लग रहा था कि अंदर ही अंदर गड़बड़ी चल रही थी।
- जयराम रमेश ने कहा कि 12 से 14 सीटों पर हमारे प्रत्याशियों ने मतगणना में गड़बड़ी की शिकायत की है। रमेश ने कहा कि जो प्रत्याशी अच्छे अंतर से जीत रहे थे, वे पचास, सौ व ढाई सौ वोटों से हार गए।
- रमेश ने कहा, यह तंत्र की जीत है, पर, लोकतंत्र की हार है। हम सारी जानकारी एकत्र कर रहे हैं और उसे चुनाव आयोग के समक्ष पेश करेंगे।

( शेष पृष्ठ 3 पर )

# नाबालिग से दुष्कर्म, अभियुक्तों को 20 साल की सजा

जयपुर, 8 अक्टूबर। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने 17 साल 9 माह की नाबालिग के साथ कई दिनों तक दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त मुकेश और विक्रम सिंह को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर 3.5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी के.सी. अटवासिया ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्तों का कृत्य न केवल पीड़िता के प्रति, बल्कि पूरे समाज के खिलाफ किया अपराध है। ऐसे में अभियुक्तों के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक

- पीड़िता के भाई ने फरवरी 2020 में विराटनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 25 दिन में अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया था।

( शेष पृष्ठ 3 पर )

# यह स्वीकार करना ही पड़ता है कि भाजपा का पर्दे के पीछे का चुनाव मैनेजमैंट, कांग्रेस से कहीं ज्यादा बेहतर है

## कांग्रेस का नेतृत्व काफी विभाजित सा है, प्रदेशों में और केन्द्रीय नेतृत्व कितना भी प्रयास कर ले, कितनी भी समझाइश कर ले, प्रदेश के खेमेबाज नेताओं पर कोई असर नहीं पड़ता

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। हरियाणा में कांग्रेस नेताओं का अति आत्मविश्वास और जरुरत से ज्यादा बड़े ईगो की वजह से कांग्रेस लगातार तीसरी बार भाजपा से हार गई।

हरियाणा विधानसभा का भाजपा को बहुमत मिल चुका है। पार्टी 49 सीटों पर आगे है और कांग्रेस 36 सीटों पर आगे है। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर ये आंकड़ें उपलब्ध हैं।


तीन सीटों पर निर्दलीय आगे हैं और एक-एक सीट पर आई.एन.एल.डी. और बसपा आगे हैं। आम आदमी पार्टी का खाता भी नहीं खुला है।

कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह आठ बजे मतगणना शुरु हुई थी।

राजनैतिक दलों के प्रदर्शन से संबंधित जो आंकड़ें एवं नतीजे उपलब्ध हैं, उन पर एक नज़र डालें तो पता लगता है की कांग्रेस के प्रदेश नेताओं, खासकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हूडा और उनके प्रतिद्वंदी कुमारी सैलजा एवं रणदीप सुरजेवाला के ईगो अति आत्मविश्वास के कारण इन चुनावों में

- हरियाणा में कम से कम 17 सीटें ऐसी थीं, जो कांग्रेस बहुत कम मार्जिन से हारी और वो जीत सकती थी, अगर प्रदेश का नेतृत्व जमीन की सच्चाई को स्वीकार करता और समय की माँग की अवहेलना नहीं करता।
- हूडा की सोच खड़गे और राहुल को माननी पड़ी और हूडा के इस तर्क के आगे मजबूरन झुकना पड़ा कि कांग्रेस स्वयमेव ही जीत रही है और आप व समाजवादी पार्टी से बात करने की जरूरत नहीं है।
- नतीजा यह हुआ कि इंडिया गठबंधन द्वारा तैयार किये गये माहौल व लोकसभा चुनाव के "मोमैन्टम" को उल्टा कर दिया।

( शेष पृष्ठ 3 पर )



## विचार बिन्दु

केवल प्रकाश का अभाव ही अंधकार नहीं, प्रकाश की अति भी मनुष्य की आँखों के लिए अंधकार है। –स्वामी रामतीर्थ

# यह मानना कि हमारी मान्यता गलत हो सकती है!

किसी ने यदि बौद्धिक विनम्रता के बारे में कभी नहीं सुना है, तो वह अकेला नहीं हैं। इस विषय पर पश्चिम में अकादमिक शोध हो रहे हैं। बौद्धिक विनम्रता का अर्थ यह स्वीकार करना है कि हमारी मान्यता गलत हो सकती है। यह विनम्रता हमें खुले दिमाग से सच्चाई को सुनने और उस पर ध्यानपूर्वक विचार करने के लिये तैयार करती है। वर्तमान भारतीय राजनीतिक कोलाहल में यह विषय अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसका यहां भी विमर्श आवश्यक है। हालांकि भारतीय परंपरा में पुरातन काल से बौद्धिक विनम्रता की अवधारणा मिलती है। भारतीय वेदों और पुराणों के आख्यान इसकी गवाही देते हैं। विश्व की अन्य दार्शनिक परंपराओं में भी बौद्धिक गुणों की बात की गई है। पिछले दो दशकों में मानव के व्यवहार का अध्ययन करने वाले मनोवैज्ञानिकों और समाजिक वैज्ञानिकों ने इस विषय पर शोध भी किए हैं। एक वाक्य में कहें तो, बौद्धिक विनम्रता यह पहचानना भर है कि जिस चीज़ पर हम विश्वास करते हैं, वह वास्तव में गलत हो सकती है। हालांकि किसी को अपना विश्वास गलत नहीं लगता है। कोई उन चीजों पर क्यों कर विश्वास करेगा जो गलत लगती हैं। लेकिन बौद्धिक रूप से विनम्र व्यक्ति यह पहचानता है कि जिन चीजों पर वह जबरदस्त विश्वास करता है उनमें से कई चीजें वास्तव में गलत हो सकती हैं। दार्शनिक लोग लंबे समय से इसे एक बौद्धिक गुण के रूप में बताते आए हैं, ताकि लोग इस संभावना को पहचान सकें कि वे चीजों के बारे में गलत हो सकते हैं। हाल ही में हुए अनेक अध्ययन बताते हैं कि अधिकांश लोग अपने आप में जितना होना चाहिए उससे कहीं अधिक आश्वस्त होते हैं। वे यह विश्वास करते हुए जीवन जीते हैं कि वे सत्य के पक्ष में हैं। अमरीकी अध्ययनकर्ताओं ने लगभग दस साल पहले यह सवाल पूछना शुरू किया कि अगर हम लोगों को बौद्धिक रूप से थोड़ा और विनम्र बना सकें तो इसका क्या मतलब होगा? यदि हम लोगों को यह एहसास दिलाएं कि उनका विश्वास और दृष्टिकोण कभी–कभी गलत भी हो सकता है, तो क्या इससे उनके निर्णयों में सुधार होगा और क्या वे अन्य लोगों के साथ असहमति और संघर्ष से निपट पाएंगे? भारतीय राजनीति ही नहीं समूची मानव सभ्यता आज जिस मुक़ाम पर है वहां वास्तव में आवश्यकता इस बात की है कि लोगों को उनके विचारों की सटीकता में अधिक यथार्थवादी बनाने के लिए तैयार किया जाय। अकादमिक अध्येता इस सवाल का जवाब खोज रहे हैं कि क्या बौद्धिक विनम्रता एक ऐसा तरीका है जिसे विकसित किया जा सकता हैं? या क्या यह मानव व्यक्तित्व की एक विशेषता है जो कुछ लोगों में होती है और कुछ लोगों में नहीं होती? मनोविज्ञान के अध्येता मानते आये हैं कि लोग निश्चित रूप से बौद्धिक रूप से विनम्र होने के स्तरों में एक समान नहीं होते, उनमें भिन्नता होती है। लोगों की अनिश्चितता के प्रति सहनशीलता के बारे में सोचें तो बौद्धिक रूप से विनम्र होना और यह स्वीकार करना कठिन होता है कि यदि हम हर समय निश्चितता चाहेंगे तो चीजों को नहीं जान पाएंगे। किसी का पालन–पोषण कैसे हुआ है इसका भी इस बात से बहुत लेना–देना होता है। हमें यह प्रवत्ति कहां से मिली? हम जो जानते हैं वह जानकारी कहां से आई है? यह एक व्यक्तित्व विशेषता है, लेकिन मन की एक स्थिति भी है जो कभी–कभी उभरती है। क्या हम इसे साध सकते हैं? यह वह बड़ा सवाल है जिस पर अभी पश्चिम में लोग अध्ययन कर रहे हैं और यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि क्या लोगों को बौद्धिक रूप से अधिक विनम्र बनाने के तरीके विकसित किए जा सकते हैं?

वे पैरामीटर क्या हैं या ऐसी चीजें क्या हैं जो यह निर्धारित करने में मदद करती हैं कि कोई व्यक्ति बौद्धिक रूप से विनम्र होगा या नहीं होगा? इस सवाल के उत्तर खोजने के लिये विशेषज्ञों ने व्यक्तित्व की विशेषताओं पर अध्ययन किया है। उदाहरण के लिए, उन्हें यह जानकारी है कि जो लोग सोचने में बड़ा आनंद लेते हैं उनमें बौद्धिक विनम्रता अधिक होती है। जो लोग अधिक सोचना पसंद करते हैं, उन्हें बौद्धिक खेल खेलना पसंद होता है। वे उन मुद्दों पर विचार करना पसंद करते हैं जिनका कोई उत्तर नहीं होता। मगर दूसरी तरह के लोग तब तक सोचना पसंद नहीं करते जब तक उन्हें वास्तव में ऐसा न करना पड़े। इसलिए माना जाता है कि जितना अधिक कोई सोचने का आनंद लेता है, उतनी ही अधिक संभावना है कि वह बौद्धिक रूप से विनम्र होगा। दूसरी बात है, अस्पष्टता या अनिश्चितता के प्रति सहिष्णुता। हममें से किसी को भी अनिश्चितता पसंद नहीं है। और यदि हम अनिश्चितता को बेहतर ढंग से सहन कर सकते हैं, तो हमारे लिये बौद्धिक रूप से विनम्र होना आसान हो जाता है क्योंकि हम अपनी मान्यताओं पर कायम रहते हुए खुद से कह सकते हैं, कि हां ठीक है, लेकिन मैं पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हो सकता कि मैं इस बारे में सही हूं। कई अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि अपने विश्वास में निश्चित होने के मामले में पुरुष महिलाओं की तुलना में बौद्धिक रूप से थोडे कम विनम्र होते हैं। एक अप्रकाशित अध्ययन बताता है कि बौद्धिक विनम्रता पर शिक्षा का जरूर असर पड़ता है। जितनी अधिक गुणवत्ता वाली स्कूली शिक्षा कोई प्राप्त करता है, वह बौद्धिक रूप से उतना ही अधिक विनम्र होता हैं, इस अर्थ में कि वह उन सभी सूचनाओं को पहचानना शुरू कर देता है जिनके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं होती। हालांकि स्कूली शिक्षा सामान्यत: बौद्धिक विनम्रता को बढ़ाती है किन्तु वह उन क्षेत्रों में बौद्धिक विनम्रता को कम भी कर देती है जिनमें हम विशेषज्ञता हासिल करते हैं। सामान्यजन की तुलना में एक विशेषज्ञ अपने विश्वासों के बारे में अधिक आश्वस्त होता है। इसलिए विशेषज्ञता और विशिष्टता के क्षेत्रों की बात आती है तो वहां बौद्धिक विनम्रता कम हो जाती है। अध्येता मानते हैं कि बौद्धिक विनम्रता विकसित की जा सकती है। इसके लिये बस यह पहचानना होता है कि मैं गलत हो सकता हूं। जब हम महसूस करने लगते हैं कि हम सभी में यह प्रवृत्ति होती है कि हम कितने सही हैं, इसे बढ़ा–चढ़ाकर आंकते हैं, तो हम अपने आप को जांचने की कोशिश करना शुरू करने लगते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम बस झुक जाएं और कहें, "ठीक है, मैं हार मान लेता हूं, मैं गलत हूं।" वास्तव में इसका मतलब यह है कि हम अपनी मान्यताओं पर थोड़ा कम आत्मविश्वास से रखें और अधिक कारणों की तलाश करें।

**अध्येता मानते हैं कि बौद्धिक विनम्रता विकसित की जा सकती है। इसके लिये बस यह पहचानना होता है कि मैं गलत हो सकता हूं। जब हम महसूस करने लगते हैं कि हम सभी में यह प्रवृत्ति होती है कि हम कितने सही हैं, इसे बढ़ा-चढ़ाकर आंकते हैं, तो हम अपने आप को जांचने की कोशिश करना शुरू करने लगते हैं।**

अध्येताओं की राय है कि रोल मॉडलिंग के माध्यम से भी लोगों में बौद्धिक विनम्रता बढ़ाई जा सकती है। जैसे स्कूल की कक्षाओं में, शिक्षकों का छात्रों के प्रश्न पूछने पर खुले तौर पर स्वीकार करना कि, 'मैं नहीं जानता।' या यह उत्तर देना कि, "मैं इस बारे में गलत हो सकता हूं। मैंने वास्तव में इस पर गहराई से ध्यान नहीं दिया है। बौद्धिक विनम्रता वास्तव में कमजोरी की बजाय परिपक्वता और बुद्धिमत्ता की निशानी है। खुली मानसिकता और बौद्धिक विनम्रता में निकटता का संबंध होता है। बौद्धिक विनम्रता में हमारे पास पहले से मौजूद विश्वास और इस संभावना को शामिल करना शामिल है कि हम गलत हो सकते हैं। दूसरी तरफ हम उन चीज़ों के बारे में खुले विचारों वाले हो सकते हैं जिनके बारे में हमने पहले कभी नहीं सोचा था, और उसे पहली बार सुन रहे होते हैं और उसे स्वीकार करने को तैयार हैं। मगर इसमें कोई विनम्रता नहीं है क्योंकि ऐसा नहीं है कि आप किसी अन्य तरीके से विश्वास कर रहे थे कि आप इसके बारे में सही थे, और अब आप इस संभावना पर विचार कर रहे हैं कि आप गलत हो सकते हैं। अध्येता इस बात पर भी सतर्क हैं कि बहुत अधिक बौद्धिक विनम्रता रोजमर्रा की जिंदगी में किसी को पंगु न बना दे। बहुत से लोग कहते भी हैं कि मैं बौद्धिक रूप से विनम्र नहीं होना चाहता क्योंकि इसका मतलब है कि मैं आशाहीन होने जा रहा हूं। मैं चीजों पर कोई स्टैंड नहीं लूं। मगर शोध में अध्यायनकर्ताओं को ऐसा नहीं मिला। इसका कारण यह है कि बौद्धिक विनम्रता तीन चीजों पर आधारित होती है। एक तो यह कि मेरे पास वह सारी जानकारी नहीं है जो मुझे चाहिए। दूसरी संभावना यह कि मेरे पास बहुत सारी जानकारी है, लेकिन वह जानकारी इस तरह से पक्षपातपूर्ण हो सकती है कि मैं उसको नहीं मान सकता, और तीसरा यह कि शायद मेरे पास इसमें शामिल सभी साक्ष्यों को वास्तव में समझने की पृष्ठभूमि या क्षमता नहीं है। यह विश्वास की वैधता का एक बहुत ही तार्किक मूल्यांकन है। ऐसी बहुत सी चीज़ें हैं जिन पर हम इसलिए विश्वास करते हैं और मानते हैं क्योंकि किसी विशेषज्ञ ने हमें वैसा बताया है, इसलिए नहीं कि हमने वास्तव में उसका पता लगाया है। बौद्धिक रूप से विनम्र लोग अपनी जानकारी की वैधता की खोज में लगते हैं क्योंकि उन्हें सिर्फ इसलिए नहीं झुकना है क्योंकि कोई और कहता है कि आप गलत हैं। वास्तव में अन्य लोगों की बातों में नहीं आते हुए भी बौद्धिक रूप से पूरी तरह विनम्र हुआ जा सकता है। यह समझ हो जाना ही काफी है कि हमारे सोच की दुनिया वैसी है, क्योंकि यही हमें सिखाया गया है जो कि जरूरी नहीं कि सच हो।

–अतिथि संपादक,
राजेन्द्र बोड़ा
( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )

# देवी-देवताओं की सवारियां



प्रो. अशोक कुमार

विभिन्न देवताओं की सवारियों के बारे में जानकारी कई धर्मों और संस्कृतियों में पाई जाती है। ये सवारी, देवता के स्वरूप, शक्तियों और गुणों को दर्शाती हैं। हालांकि, इनके बारे में कोई एकल, सर्वसम्मति से स्वीकृत तथ्य नहीं है, क्योंकि ये अक्सर धार्मिक ग्रंथों, लोककथाओं और कलाकृतियों की व्याख्या पर आधारित होते हैं।

**कुछ प्रमुख देवताओं और उनके वाहनों के बारे में जानें:–**

शिवजी का वाहन नंदी (बैल) है। नंदी धैर्य, शक्ति और स्थिरता का प्रतीक है। यह शिवजी के शांत और शक्तिशाली स्वभाव को दर्शाता है। विष्णु जी का वाहन गरुड़ है। गरुड़ एक पौराणिक पक्षी है जो ज्ञान, वीरता और निष्ठा का प्रतीक है। यह विष्णु जी के सर्वव्यापी और संरक्षक स्वभाव को दर्शाता है। दुर्गा माता की सवारी शेर है। शेर शक्ति, साहस और क्रोध का प्रतीक है। यह दुर्गा माता के रौद्र रूप को दर्शाता है। गणेश जी की सवारी चूहा है। चूहा बुद्धि, विवेक और बाधाओं को दूर करने की क्षमता का प्रतीक है। यह गणेश जी की बुद्धिमान और बाधाओं को दूर करने वाले स्वभाव को दर्शाता है। कार्तिकेय का वाहन मयूर है। मयूर सौंदर्य, गर्व और युद्ध का प्रतीक है। यह कार्तिकेय के युद्ध देवता होने के रूप को दर्शाता है। लक्ष्मी माता की सवारी उल्लू है। उल्लू ज्ञान और धन का प्रतीक है। यह लक्ष्मी माता के धन की देवी होने के रूप को दर्शाता है।

**वाहनों का महत्व:–** प्रत्येक वाहन देवता के स्वभाव और गुणों का प्रतीक है। वाहन देवताओं की पूजा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वाहनों को मूर्तियों, चित्रों और मंदिरों में व्यापक रूप से चित्रित किया जाता है।

क्यों विभिन्न देवताओं के अलग–अलग वाहन हैं? प्रत्येक देवता का एक विशिष्ट स्वभाव होता है, और उस स्वभाव को दर्शाने के लिए एक विशिष्ट वाहन चुना जाता है। प्रत्येक देवता की अलग–अलग शक्तियां होती हैं, और उन शक्तियों को दर्शाने के लिए एक विशिष्ट वाहन चुना जाता है।

**कथाएं:–** कई वाहनों से जुड़ी पौराणिक कथाएं हैं जो देवता और वाहन के बीच के संबंध को दर्शाती हैं। गणेश जी छोटे–से चूहे पर सवार होते हैं। आपके मन में भी यह ख्याल आया होगा कि आखिर गणेश जी ने मूषक को ही अपना वाहन क्यों बनाया। दरअसल भगवान गणेश द्वारा चूहे को अपना वाहन बनाने के पीछे कई पौराणिक कथाएं मिलती हैं। तो चलिए जानते हैं इसका कारण।

**1. समुद्र मंथन की कथा :–** जब देवताओं और असुरों ने समुद्र मंथन किया था, तब उसमें से कई रत्न निकले थे। इन रत्नों में से एक था हलाहल विष। यह विष इतना जहरीला था कि अगर कोई इसे पी लेता तो सारा संसार नष्ट हो जाता। तब भगवान शिव ने इस विष को पी लिया, लेकिन यह उनके गले में फंस गया। तब माता पार्वती ने गणेश जी को बुलाया और कहा कि वे जाकर भगवान शिव के गले से विष निकाल दें। गणेश जी ने तुरंत भगवान शिव के पास जाकर विष पी लिया, लेकिन उनकी गर्दन नीली पड़ गई। इसी दौरान एक चूहा गणेश जी के पैर पर चढ़ गया और विष को चाटने लगा। गणेश जी ने चूहे को रोकने की कोशिश की, लेकिन चूहा विष पी गया और मर गया। गणेश जी बहुत दुखी हुए और उन्होंने चूहे को पुनर्जीवित कर दिया। तब से चूहा गणेश जी की सवारी बन गया।

**2. मुनि वामदेव ने दिया श्राप :–** पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार इंद्र देव के दरबार में एक क्रौंच नामक गंधर्व था। जब इंद्र का दरबार चल रहा था, तो क्रौंच हंसी ठिठोली में लगा हुआ था, जिससे दरबार में बाधा उत्पन्न होने लगी। अपनी मस्ती में मस्त क्रौंच ने मुनि वामदेव के ऊपर पैर रख दिया। इससे मुनिदेव क्रोधित हो उठे और क्रौंच को चूहा बनने का श्राप दे दिया। चूहा बनने के बाद भी वह नहीं सुधरा और उसने पराशर ऋषि के आश्रम में बहुत उत्पात मचाया। चूहे के आतंक से परेशान होकर ऋषि, भगवान गणेश की शरण में पहुचे और उन्हें सारी बात बताई। तब भगवान गणेश ने उस उत्पाती चूहे को सबक सिखाने के लिए पाश फेंका, जिसमें वह फंस गया। इसके बाद वह गणेश जी से क्षमायाचना करने लगा, जिससे गणेश जी को उस पर दया आ गई और उसे अपना वाहन बना लिया।

**3. गजमुख दानव और गणेश जी :–** एक समय की बात है, एक बहुत बड़ा दानव था जिसका नाम गजमुख था। वह बहुत शक्तिशाली था और सभी देवताओं को परेशान करता था। सभी देवता गजमुख से डरते थे, लेकिन गणेश जी ने उसका सामना करने का निश्चय किया। एक भयंकर युद्ध हुआ, जिसमें गणेश जी का एक दांत टूट गया, फिर गणेश जी को इतना गुस्सा आया और उन्होने गजमुख को पराजित कर दिया। गजमुख गणेश जी की शक्ति से बहुत प्रभावित हुआ और उनका भक्त बन गया। गणेश जी ने गजमुख को एक वरदान दिया कि वह हमेशा उनके साथ रहेगा। धीरे–धीरे, गजमुख का रूप बदलकर चूहे का हो गया और वह गणेश जी की सवारी बन गया।

भगवान गणेश द्वारा एक छोटे और दुर्बल जीव को वाहन बनाने के पीछे यह भी है कि गणेश जी कमजोर और दुर्बलों पर कृपा करते हैं। यही कारण है कि एक छोटे से चूहे पर कृपा कर उन्होंने उसे अपने वाहन के रूप में स्वीकार किया। साथ ही उसे इतना प्रबल बनाया कि वह गणेश जी का भार उठा सके। साथ ही गणेश जी का चूहे को वाहन बनाना इस बात का भी संकेत है कि संसार में कभी किसी को छोटा या तुच्छ नहीं समझना चाहिए, क्योंकि हर किसी की अपनी एक उपयोगिता और क्षमता है।

लक्ष्मी जी को धन की देवी माना जाता है और उल्लू को उनका वाहन माना जाता है। यह एक ऐसा संयोग है जो कई लोगों को आश्चर्यचकित करता है। आखिरकार, उल्लू को अक्सर बुराई और अंधकार से जोड़ा जाता है। तो फिर लक्ष्मी जी ने उल्लू को अपना वाहन क्यों चुना? इस प्रश्न का उत्तर जानने के लिए हमें एक पौराणिक कथा की ओर जाना होगा।

**पौराणिक कथा:–** एक बार माता लक्ष्मी पृथ्वी पर घूम रही थीं। वे एक ऐसे स्थान की तलाश में थीं जहां वे निवास कर सकें। उन्होंने चारों ओर देखा, लेकिन उन्हें कोई भी ऐसा पशु या पक्षी नहीं मिला जो उन्हें अपना वाहन बनने के लिए तैयार हो। तभी उन्होंने एक उल्लू को देखा। उल्लू अंधेरे में भी बहुत अच्छी तरह देख सकता था। वह बहुत ही बुद्धिमान और चालाक था। माता लक्ष्मी ने उल्लू से कहा, 'तुम मेरा वाहन बनोगे?' उल्लू ने तुरंत हां कर दी।

**उल्लू को वाहन क्यों चुना?**

उल्लू को ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। माता लक्ष्मी ज्ञान और बुद्धि की देवी भी हैं। इसलिए उन्होंने उल्लू को अपना वाहन बनाकर ज्ञान और बुद्धि का प्रतीक बनाया। उल्लू अंधेरे में भी बहुत अच्छी तरह देख सकता है। यह उसकी दूरदर्शिता का प्रतीक है। माता लक्ष्मी भविष्य को देख सकती हैं। इसलिए उन्होंने उल्लू को अपना वाहन बनाकर दूरदर्शिता का प्रतीक बनाया। उल्लू शांत और एकांत स्थानों पर रहना पसंद करता है। यह शांति और एकांत का प्रतीक है। माता लक्ष्मी भी शांति और एकांत को पसंद करती हैं। इसलिए उन्होंने उल्लू को अपना वाहन बनाकर शांति और एकांत का प्रतीक बनाया।

**आधुनिक दृष्टिकोण:–** आज के समय में, उल्लू को बुराई और अंधकार से जोड़ना एक गलत धारणा है। उल्लू एक बहुत ही बुद्धिमान और सुंदर पक्षी है। माता लक्ष्मी ने उल्लू को अपना वाहन बनाकर यह संदेश दिया कि हमें हर चीज को उसके अच्छे और बुरे पहलुओं के साथ देखना चाहिए।

**निष्कर्ष:–** लक्ष्मी जी ने उल्लू को अपना वाहन इसलिए चुना क्योंकि उल्लू ज्ञान, दूरदर्शिता, शांति और एकांत का प्रतीक है। यह एक ऐसा संदेश है जो हमें आज भी प्रासंगिक लगता है।

**दुर्गा माता की सवारी शेर क्यों है? :** दुर्गा माता को शेर पर सवार दिखाया जाता है, इसके पीछे कई धार्मिक और प्रतीकात्मक कारण हैं। शेर को शक्ति, साहस और पराक्रम का प्रतीक माना जाता है। दुर्गा माता भी शक्ति की देवी हैं। शेर पर सवार होकर वे अपनी शक्ति और साहस को प्रदर्शित करती हैं। दुर्गा माता ने असुरों का वध किया था। शेर, एक शक्तिशाली जानवर होने के कारण, इस पौराणिक कथा में दुर्गा माता की शक्ति को दर्शाता है। शेर विजय का प्रतीक भी माना जाता है। दुर्गा माता का शेर पर सवार होना, बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाता है। प्राचीन काल में शेर को राजाओं का वाहन माना जाता था। दुर्गा माता को देवताओं की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है और इसीलिए उन्हें शेर पर सवार दिखाया जाता है।

**कुछ अन्य कारण भी हैं:–**

**शेर की गति:** शेर एक तेज गति वाला जानवर है। यह दुर्गा माता की गतिशीलता और तेजी को दर्शाता है।

**शेर की दृष्टि:** शेर की तीखी दृष्टि बुराई को पहचानने और उसका नाश करने की क्षमता को दर्शाती है।

**निष्कर्ष:–** दुर्गा माता का शेर पर सवार होना, उनकी शक्ति, साहस, विजय और राजसी स्वभाव को दर्शाता है। यह एक गहरा धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीक है जो भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

–अशोक कुमार,
पूर्व कुलपति गोरखपुर,
कानपुर विश्वविद्यालय

# अजमेर डिस्कॉम ने 17 जिलों में अभियान चलाकर 1258 जगह बिजली चोरी पकड़ी

## डिस्कॉम ने 2.75 करोड रुपए जुर्माना लगाया, 597 जगहों पर बिजली का गलत इस्तेमाल मिला

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम ने डिस्कॉम के सभी 17 जिलों में बिजली चोरों के खिलाफ अभियान की शुरुआत इस माह से कर दी है। निगम द्वारा चलाए जा रहे बिजली चोरों के विरुद्ध अभियान के तहत डिस्कॉम टीम ने 8602 जगहों पर सतर्कता जांच की, इनमें 1258 जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी गई, जिन पर 2 करोड़ 75 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। अभियान में 597 मामले विद्युत के गलत इस्तेमाल के दर्ज किए हैं, इन पर 99.85 लाख रुपयों का जुर्माना लगाया है।

अजमेर विद्युत वितरण निगम के प्रबन्ध निदेशक केपी वर्मा ने बताया कि डिस्कॉम ने बिजली चोरों को सबक सिखाने और राजकोष को घाटा पहुंचाने से रोकने के लिए बिजली चोरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में और अधिक तेजी लाई गई है। उन्होंने बताया कि डिस्कॉम ने इस साल 10 प्रतिशत से कम बिजली छीजत का लक्ष्य रखा है। इसके लिए अजमेर डिस्कॉम की विजिलेंस विंग को इस अभियान में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए है।

■ **डिस्कॉम द्वारा बिजली चोरों को सबक सिखाने और राजकोष को घाटा पहुंचाने से रोकने के लिए अभियान में और अधिक तेजी लाई गई है : वर्मा**

जनसम्पर्क अधिकारी सतीश सोनी ने बताया कि डिस्कॉम की टीम में सबसे अधिक चित्तौडगढ़ जिले के अभियंताओं ने 188 विद्युत चोरी के मामले पकड़े जिन पर 39.53 लाख रुपए जुर्माना लगाया। इसके अतिरिक्त अजमेर सर्किल में 20, ब्यावर में 16, केकड़ी में 13, भीलवाड़ा में 116, शाहपुरा में 42, नागौर में 60, डीडवाना कुचामन में 99, झुंझनू में 186, सीकर में 147, नीम का थाना में 113, बांसवाड़ा में 76, डुंगरपुर में 59, प्रतापगढ़ में 56, राजसमंद में 12, उदयपुर में 49 व सलूम्बर सर्किल में 6 मामले विद्युत चोरी के पकड़े। सभी बिजली चोरों पर कुल 2 करोड़ 75 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है, इसके अतिरिक्त डिस्कॉम ने 597 जगह विद्युत के गलत इस्तेमाल के मामले दर्ज किए, जिसका 99.85 लाख रुपयों का जुर्माना लगाया गया।

# गुलाब बाग को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल कराने की पहल

## उदयपुर कलेक्टर पोसवाल ने जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक ली

**उदयपुर, (निसं)।** जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में समिति अध्यक्ष और जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शहर की ऐतिहासिक व प्राकृतिक धरोहर गुलाब बाग को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल कराने को लेकर प्रस्ताव करने का निर्णय लिया गया। जिला कलेक्टर ने नगर निगम और पर्यटन विभाग को संयुक्त रूप से प्रयास तेज करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उदयपुर शहर के लिए ट्यूरिज्म मास्टर प्लान तैयार करने, शहर में एआई आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने, सूचना केन्द्र के ओपन थियेटर को लोक कलाकारों की प्रस्तुति के लिए तैयार करने सहित पर्यटन विकास व पर्यटकों की सुविधाओं को लेकर सुझावों पर चर्चा भी की गई।

बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, युडीए आयुक्त राहुल जैन, स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एसीईओ कृष्णपालसिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माधुरी वर्मा, पीएचईडी अधीक्षण अभियंता अनिल गर्ग, परिवहन अधिकारी अनिल सोनी सहित अन्य अधिकारी, होटल एसोसिएशन व गाइड एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


जिला कलेक्टर पोसवाल की पहल पर उदयपुर शहर के लिए ट्यूरिज्म मास्टर प्लान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तैयार कराने का प्रस्ताव रखा। उपनिदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना ने कहा कि ट्यूरिज्म मास्टर प्लान समय की मांग है, यदि उदयपुर में मास्टर प्लान तैयार किया जाता है तो यह प्रदेश का पहला जिला होगा। बैठक में एक निजी फर्म की ओर से मास्टर प्लान की आवश्यकता को लेकर तैयार पीपीटी का प्रजेंटेशन भी दिया। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को लेकर भी एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की गई। जिला कलेक्टर ने शहर के किसी भी एक स्थल का चयन कर एआई आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

■ **उदयपुर शहर के लिए ट्यूरिज्म मास्टर प्लान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तैयार कराने का प्रस्ताव रखा**

बैठक में कलेक्टर अरविन्द पोसवाल ने पर्यटकों के मनोरंजन के लिए शहर में विविध स्थलों पर लोक कलाकारों के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बारे में जानकारी ली। पोसवाल ने सूचना केंद्र में बने ओपन थियेटर का जिक्र करते हुए कहा कि बहुत अच्छा स्थल है, यहां पहले फिल्म गाइड के गीत की शूटिंग भी हो चुकी है। यूडीए के माध्यम से विकास कार्य भी कराया गया है। उन्होंने ओपन थियेटर में पश्चिम सांस्कृतिक केंद्र व लोक कला मण्डल की तर्ज पर पर्यटकों के लिए नियमित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव देते हुए उसके लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर की पहल पर पिछले वर्ष दीपावली पर शहर में की गई विद्युत सज्जा की सभी सदस्यों ने प्रशंसा करते हुए इस बार भी पहल को जारी रखने का आग्रह किया। इस पर जिला कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि इस बार दीपावली पर नवाचार करते हुए आकर्षक विद्युत सज्जा कराई जाएगी। कलेक्टर पोसवाल ने पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष प्रयासों के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात प्रबंधन को लेकर प्लानिंग की जाए। यातायात प्रभारी नेत्रपालसिंह ने बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान शहर में अनुमानित रूप से 15 से 20 हजार अतिरिक्त वाहन आते हैं। यातायात नियंत्रण के लिए अतिरिक्त जाब्ते की दरकार रहेगी। जिला कलक्टर ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर पोसवाल ने नगर निगम और पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटकों के लिए प्रस्तावित हेरिटेज वॉक को प्रमोट करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पर्यटकों को लपकों की ओर से परेशान किए जाने की सूचना पर पर्यटन थाना प्रभारी कर्मवीरसिंह को लपकों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस पर थाना प्रभारी ने नियमित रूप से की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया। जिला कलेक्टर ने परिवहन विभाग को ऑटो रिक्शा चालक एसोसिएशन के साथ बैठक कर उनकी रेट रिवाइज कराकर मीटर का उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। शहर के रात्रि के समय पर्यटकों के लिए भोजन आदि की समस्या के मद्देनजर शहर में कुछ स्थल चिन्हित करने तथा पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर आवश्यक व्यवस्था करने की बात कही।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 9 अक्टूबर, 2024**

अश्विन मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, मूल नक्षत्र गुरूवार प्रात: 5:15 तक, सौभाग्य योग प्रात: 6:36 तक, तैतिल करण दिन 12:15 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–धनु, मंगल–मिथुन, बुध–कन्या, गुरू–वृष, शुक्र–तुला, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से गुरूवार प्रात: 5:15 तक है। आज गुरू वक्री दिन 12:35 से होगा। आज छठ पूजन और मेला है। आज सरस्वती आवाहन, तप षष्ठी है। आज से जैन ओली आरम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:21 तक, शुभ 10:47 से 12:14 तक, चर 3:08 से 4:35 तक, लाभ 4:35 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:27, सूर्यास्त 6:01

**मेष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**मिथुन**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी। मन का भय दूर होगा। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**सिंह**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा।

**कन्या**
घर–परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**तुला**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में संतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



*हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की हैट्रिक पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ खुशी मनाई। भाजपा की विजय पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं को स्वयं जलेबी बनाकर खिलाई।*

# भजनलाल के नेतृत्व में हरियाणा की जीत का भारी हर्षोल्लास दिखा भाजपा मुख्यालय पर

## भजनलाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को जीत की खुशी में अपने हाथ से जलेबियाँ बनाकर खिलाईं

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरियाणा की भारी जीत के लिये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा भाजपा की पूरी टीम, हरियाणा चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया, राजस्थान भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा राजस्थान के कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना की व बधाई दी।**

जयपुर, 8 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को करारा जवाब देते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी के विज़न पर फिर से विश्वास जताया है। वहां के जागरुक मतदाता ने विकसित भारत, विकसित हरियाणा के लिए वोट देकर बड़े जनादेश के साथ भाजपा को जिताया है। इसके लिए वहां की जनता बधाई की पात्र है।

उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं, वो करते हैं और जो करते हैं, वही कहते हैं। इसलिए पूरे देश की जनता में उनके प्रति अटूट विश्वास है। जबकि, कांग्रेस लूट, झूठ और अफवाहों का सहारा लेकर राजनीति करती है। आज हरियाणा की जनता ने कांग्रेस की इस राजनीति को नकार कर करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि जब मैं हरियाणा में चुनाव प्रचार के लिए गया था, तो वहां की जनता के भारी उत्साह को देखकर मैंने साफ कहा था कि हरियाणा में भाजपा की जीत की हैट्रिक बनेगी।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में होने जा रहे चुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी जीत हासिल करेगी। यहां तक कि, 2029 के लोकसभा चुनाव में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा चौथी बार भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व को इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा भाजपा की पूरी टीम को इस जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने हरियाणा चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया, राजस्थान भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ और राजस्थान के कार्यकर्ताओं को भी हरियाणा चुनाव में की गई अथक मेहनत के लिए धन्यवाद दिया।

गौरतलब है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान मुख्यमंत्री ने जिन विधानसभा सीटों पर प्रचार किया, उनमें से असंध में भाजपा 2 हजार 306 मतों से, समालखा में 19 हजार 315 मतों से, तोशाम में 14 हजार 257 मतों से, इन्द्री में 15 हजार 149 मतों से, राई में 4 हजार 673 मतों से विजयी रही, जबकि लोहारू में कांग्रेस ने केवल 792 मतों से जीत हासिल कर पाई।

# नियमों में संशोधन कर राजस्व प्रकरण जल्दी निपटायें- मुख्यमंत्री

## भजनलाल शर्मा ने पूर्ववर्ती सरकार के नियम विरुद्ध भू-आवंटन पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये

- **राजस्व व उपनिवेशन विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने रेवेन्यू अपीनेट अथॉरिटी के कामकाज पर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये।**
- **उन्होंने पर्यटन तथा एग्रो प्रोसेसिंग जैसे प्रोजैक्ट के लिये निःशुल्क ऑनलाइन डीम्ड कंवर्ज़न के नियम बनॉने के आदेश दिये।**

जयपुर, 8 अक्टूबर। मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्व विभाग जमीनों से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाएं, ताकि आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय मिल सके। उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए वर्तमान नियमों में यथासंभव संशोधन करने एवं नियमों के सरलीकरण के निर्देश भी दिए।

उन्होने कहा कि पटवारी, गिरदावर, नायब तहसीलदार आदि की जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए राजस्व संबंधी प्रकरणों का एक निश्चित समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने रेवेन्यू अपीलेट अथॉरिटी की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा करते हुए, इसके सुचारू संचालन के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को एक कार्ययोजना प्रेषित करने के निर्देश भी दिए।

शर्मा ने पूर्ववर्ती सरकार के समय में नियम विरूद्ध किए गए जमीन आवंटनों के प्रकरणों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। साथ ही, उन्होंने पयर्टन एवं एग्रो प्रोसेसिंग जैसे प्रोजेक्ट के लिए निःशुल्क ऑनलाइन डीम्ड कन्वर्जन के सुसंगत नियम बनाने के निर्देश दिए, ताकि वर्तमान में मिल रही कन्वर्ज़न छूट का दुरूपयोग न हो। शर्मा ने वनप्रत्यावर्तन के क्रम में गैर वन भूमि के शीघ्र आवंटन के लिए एक लैण्ड बैंक स्थापित करने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 9 से 11 दिसम्बर, 2024 तक जयपुर में "राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट" का आयोजन करने जा रही है। इस आयोजन से निवेश का नया वातावरण तैयार होगा और प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य में बदलाव आएगा। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को भूमि आवंटन पोर्टल पर बड़े भू-भागों की सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं, जिससे इच्छुक निवेशक को उद्योग लगाने में सुविधा मिल सके।

शर्मा ने कहा कि आवेदकों को त्वरित सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से नामांतरण पोर्टल एवं रेवेन्यू लैण्ड कन्वर्ज़न पोर्टल संचालित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग सूचना तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से काश्तकारों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में नवाचार कर रहा है, जिसके माध्यम से किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ भी मिला है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में पटवारी एग्रीटैक ऐप के माध्यम से ई-गिरदावरी कर रहे हैं।

बैठक में राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा एवं राज्य मंत्री विजय सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव राजस्व एवं उपनिवेशन दिनेश कुमार, राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष हेमन्त कुमार गैरा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## मंदिर से घर आते ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर हमला कर दिया। पैंथर के हमले से दोनों बाइक से गिर गए, लेकिन सड़क पर अन्य वाहनों की आवाज से पैंथर भाग गया।

हमले के शिकार साकरोदा निवासी महेन्द्र सिंह ने बताया कि वे अपनी पत्नी के साथ आशापुरा माताजी मंदिर के दर्शन करने गए थे। रात करीब 9 बजे बाइक से घर लौटते समय माताजी मंदिर के पास ही साकरोदा-भल्लो का गुडा मार्ग पर पहाड़ी की झाड़ियों में से निकलकर अचानक पैंथर ने उनकी बाइक पर झपट्टा मार दिया।

पैंथर बाइक के आगे के मास्क से टकराया और पति-पत्नी नीचे गिर गए। महेद्र सिंह ने बताया कि पैंथर उनकी तरफ बढ़ता उससे पहले ही रोड पर कुछ लोग आ गए।

उनके शोर मचाने से पेंथर भाग गया। दोनों के हाथ -पैरों पर हल्की चोट आई हैं और बाइक के आगे का मास्क टूट गया है। ग्रामीणों ने इस स्थान पर पिंजरा लगाने की मांग की है। लोगों ने बताया कि पहले भी यहां खेत पर एक महिला पर पैंथर ने हमला कर दिया था, उसके बाद यह दूसरी घटना है।

## हरियाणा की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रचार के आरम्भ में ही महसूस हो गया था कि उनके व्यक्तिव का जादू काम नहीं कर रहा है, इसलिए उन्होंने पाँच जनसभाओं को सम्बोधित करने के बाद, स्वयं को प्रचार अभियान से दूर कर लिया तथा जन-आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को उभारने के लिये अन्य मन्त्रियों को आगे कर दिया था।

हालाँकि केवल एक राज्य के चुनाव परिणाम व्यापक सन्दर्भ में बहुत ज्यादा अर्थ नहीं रखते, लेकिन हरियाणा के चुनाव इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये चुनाव भाजपा की हार के लिए पूरा-पूरा आधार प्रस्तुत कर रहे थे। पार्टी एक ऐसे राज्य में लगातार दो बार सत्ता में रह चुकी थी, जहाँ कोई भी पार्टी लगातार तीसरी बार नहीं जीती है। पार्टी को, कृषक-विरोध के बाद, दबदबे वाले जाट समुदाय के विरोध का भी सामना करना था। राज्य के पहलवानों का विरोध भी पार्टी की स्थिति को बहुत खराब करने वाले कारक के रूप में देखा जा रहा था, क्योंकि हरियाणा में खेलों का बहुत ज्यादा महत्व है। भाजपा को चुनावों से ठीक पहले राज्य के शीर्ष पद पर आसीन मनोहर लाल खट्टर को पद से हटाना पड़ा था, क्योंकि वे मतदाताओं में अलोकप्रिय होते जा रहे थे। तथा पार्टी को एक नये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चुनाव लड़ना था, जो अपने मुख्य प्रतिद्वन्द्वी, कांग्रेस नेता भूपिन्दर सिंह हुड्डा के कद के समकक्ष नहीं थे। और सबसे ऊपर, एग्ज़िट पोल्स तथा जनमानस एवं जनभावनाएं कांग्रेस के पक्ष में थीं। लोकसभा चुनाव परिणामों, खासतौर से उत्तर प्रदेश के परिणामों, जहाँ भाजपा ने विपक्षी दलों के हाथों बड़ी हार झेली थी, से हतोत्साहित हुए कार्यकर्ताओं के मनोबल में उछाल आने के साथ ही, हरियाणा की जीत से पार्टी की छवि उन मतदाताओं में भी सुधरेगी, जो पिछले कुछ महीनों से भाजपा के पतन तथा इंडिया ब्लॉक के उत्थान के किस्से सुन रहे थे।

दूसरी तरफ, इससे विपक्षी ब्लॉक में भी कुछ वैमनस्य पैदा होगा, क्योंकि विपक्षी ब्लॉक अपनी चुनावी रणनीति तथा सीट-शेयरिंग व्यवस्था पर पुनर्विचार एवं उसका पुनर्मूल्यांकन करने के लिये बाध्य हो जायेगा, क्योंकि कांग्रेस तथा उसके नेता राहुल गांधी के प्रभुत्व को हरियाणा की हार से क्षति पहुँचेगी।

## यह स्वीकार करना ही...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कांग्रेस को निराशा हाथ लगी।

हूडा गुट ने हरियाणा में आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी व अन्य छोटे दलों को साथ लेने से साफ इन्कार कर दिया, यही नहीं पार्टी में भी उन्होंने विरोधियों से तालमेल नहीं किया, जिसकी वजह से भाजपा विरोधी वोट बंट गए। इस समय उन 17 सीटों के डेटा उपलब्ध हैं जहाँ कांग्रेस मामूली अंतर से हारी है। इस हार को जीत में बदला जा सकता था अगर पार्टी ने जमीनी हकीकत और समय की मांग को स्वीकार किया होता।

हूडा ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को अपने इस दावे पर यकीन दिला दिया कि अन्य पार्टियों की मांगे उचित नहीं हैं। इस प्रकार उन्होंने लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन के लिए जो अनुकूल माहौल बना था उसे पलट दिया।

प्रदेश नेतृत्व ने हरियाणा को पूरी तरह से अपने पास रखना चाहा और राष्ट्रीय हित के लिए भी अन्य दलों की मांगे स्वीकार नहीं की। प्रदेश नेतृत्व खासकर हूडा पूरी तरह जाट वोटों पर निर्भर रहे, उन्होंने ओ.बी.सी. और दलित वोट बैंक की पूर्ण अनदेख की।

पार्टी में जो खुशी का माहौल था वह मंगलवार सुबह नतीजे आने के साथ ही दुख में बदलने लगा और दोपहर तक जब स्पष्ट हो गया कि पार्टी हार रही है तो पार्टी मुख्यालय में मायूसी छा गई।

- **ऐसा लगा कि प्रदेश के नेताओं की पूरी कोशिश इसी दिशा में लगी कि कैसे हरियाणा की राजनीति के अखाड़े पर उनका एकाधिकार रहे, कोई बाहरी व्यक्ति इस अखाड़े में दखंलदाजी न कर पाये।**

कांग्रेस को भारी जीत की उम्मीद थी, जिसकी भविष्यवाणी एग्ज़िट पोल्स ने भी की थी। सुबह 9 बजे जब शुरुआती रुझानों में कांग्रेस आगे चल रही थी तब पार्टी मुख्यालय पर पार्टी कार्यकर्ता पटाखे चला रहे थे और जलेबी बांट रहे थे, पर 10 बजे जब रुझानों में भाजपा के आगे निकलने की बात सामने आई तो ढोल, मिठाई पटाखे सब गायब हो गया। नेताओं के चेहरे पर मायूसी छाई हुई थी।

पार्टी ऑफिस में कुछेक नेता और मीडिया वाले ही थे, कुछ नेता इस हार के लिए ई.वी.एम. को दोषी ठहराते हुए दिखे तो कुछ ने टिकट वितरण को दोषी ठहराया, पर इस हार पर सभी हैरान थे।

एक पार्टी कार्यकर्ता ने कहा, भारी सत्ता विरोधी लहर थी, हमें यकीन नहीं हो रहा आखिर ये क्या हुआ।

ओलम्पिक खिलाड़ी पहलवान विनेश फोगाट जीत गईं, उन्होंने जुलाना से अपने विरोधी भाजपा के योगेश कुमार को हराया।

मंगलवार दिन में दो बजे भाजपा 47 सीटों पर आगे थी और कुछ पर जीत गई थी, कांग्रेस 38 सीटों पर आगे थी। कई एग्ज़िट पोल्स ने हरियाणा में कांग्रेस की शानदार जीत की भविष्यवाणी की थी।

जम्मू-कश्मीर में भी कांग्रेस को निराशा मिली हैं। हालांकि, नैशनल कॉन्फ्रैंस को बहुमत मिला है, पर कांग्रेस 6 सीटें ही जीत पाई।

अन्ततोगत्वा कांग्रेस को यह स्वीकार करना होगा कि भाजपा चुनाव प्रबंध कांग्रेस से काफी बेहतर है और कांग्रेस में भारी गुटबाजी है।

# जम्मू-कश्मीर में नैशनल कॉन्फ्रैंस-कांग्रेस गठबंधन ने 48 सीटों के साथ बहुमत हासिल किया

## नैशनल कॉन्फ्रैंस ने 42 सीटें जीतीं, सहयोगी कांग्रेस 6 सीट ही जीत पाई

श्रीनगर/जम्मू, 08 अक्टूबर। जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 के हटने और एक दशक के बाद हुए विधानसभा चुनावों में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एन.सी.)-कांग्रेस गठबंधन ने बहुमत हासिल कर लिया है।

केन्द्र शासित प्रदेश में विधानसभा की 90 सीटों में से एन.सी.-कांग्रेस गठबंधन ने 48 सीटें जीतीं, जिससे बहुमत का आंकड़ा 46 पार हो गया। वरिष्ठ राजनेता फारूक अब्दुल्ला के नेतृत्व में एन.सी. ने 42 सीटें हासिल कीं, जिनमें कश्मीर क्षेत्र से 35 और जम्मू से सात सीटें शामिल हैं। कश्मीर घाटी में एन.सी. ने 40 सीटों पर चुनाव लड़ा था। एन.सी. के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बडगाम और गंदेरबल,दोनों सीटों पर जीत हासिल की है।

चुनाव नतीजों पर टिप्पणी करते हुए एन.सी. अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि ये केन्द्र के पांच अगस्त, 2019 के कदम (जिसने जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द कर दिया था) की स्पष्ट अस्वीकृति का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने घोषणा की कि उमर अब्दुल्ला गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री होंगे। विधानसभा चुनावों में एन.सी. की सहयोगी कांग्रेस ने खराब प्रदर्शन किया है और पार्टी सिर्फ छह सीटें ही जीत सकी है, जिनमें से पांच कश्मीर क्षेत्र से आईं। जम्मू में कांग्रेस ने सबसे खराब प्रदर्शन किया और पार्टी केवल राजौरी (एस.टी.) सीट जीतने में सफल रही। इसकी तुलना में कांग्रेस ने 2014 के चुनावों में जम्मू से पांच सीटें जीती थीं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जम्मू में अपना प्रभुत्व बनाए रखा है। पार्टी ने जम्मू क्षेत्र से 29 सीटें जीती हैं। पार्टी कश्मीर से एक भी सीट जीतने में विफल रही। भगवा पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण उलटफेर तब हुआ, जब भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना नौशेरा से अपनी सीट हार गए।

## नाबालिग से दुष्कर्म, अभियुक्तों को 20 साल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विजया पारीक ने अदालत को बताया कि मामले में पीड़िता के भाई ने 1 फरवरी 2020 को विराट नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उसकी बहन का साल 2005 में विवाह कर दिया था। वहीं, बीते 8 माह से वह अपने पीहर में ही आकर रह रही थी। आज सुबह जब परिजन उठे तो पीड़िता घर पर नहीं मिली। उसे आसपास और रिश्तेदारों के यहाँ तलाशा, लेकिन उसका पता नहीं चला। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्तों को करीब 25 दिन बाद गिरफ्तार कर अदालत में चालान पेश किया।

सुनवाई के दौरान पीड़िता ने अदालत को बताया कि घटना के कुछ दिनों पहले उसका परिचित कानाराम घर आया था। उस समय वह बिना किवाड़ के बाथरूम में नहा रही थी और घर पर कोई नहीं था। इस दौरान कानाराम ने उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया।

इसके कुछ दिनों बाद, कानाराम, विक्रम सिंह के साथ आया और दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अदालत को बताया कि 31 जनवरी, 2020 को देर रात को विक्रम ने उसे फोन कर बाहर बुलाया और इसके बाद वह और मुकेश उसे बाइक पर बैठाकर गिर्राज जी ले गए।

यहां धर्मशाला में दोनों ने उससे दुष्कर्म किया। इसके दो दिन बाद, वे उसे जयपुर के पांच्यावाला ले गए। वहां उसे एक कमरे में रखा गया। जब मुकेश बाहर जाता तो विक्रम उससे दुष्कर्म करता और विक्रम के बाहर जाने पर मुकेश उससे रेप करता। ऐसा करीब बीस दिन तक चला और आखिर में पुलिस आकर उन्हें ले गई।

## 50 सीनियर डॉक्टरों ने इस्तीफा दिया

कोलकाता, 8 अक्टूबर। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को सामूहिक इस्तीफे दिए गए। 50 सीनियर डॉक्टर्स ने आमरण अनशन कर रहे जूनियर डॉक्टर्स के समर्थन में रिजाइन कर दिया।

सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में कई डिपार्टमेंट और उनके हेड्स की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में इस्तीफा देने का फैसला लिया गया।

## जाट-नॉन जाट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संभव नहीं है क्योंकि वोटिंग मशीनें जनता से दूर सुरक्षित स्थानों पर थीं) वहाँ भाजपा जीती, जबकि, जहाँ ई.वी.एम. बैटरी 60 से 70 प्रतिशत थी, वहाँ कांग्रेस जीती है।

भाजपा ने कहा, जब भी कांग्रेस हारती है, वो ऐसे ही आरोप लगाती है।

पार्टी के अंदर आपसी मतभेदों ने भी बड़ी भूमिका निभाई। वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री की दौड़ में लगे रहे, कुमारी सैलजा रुठी रहीं और चुनाव अभियान में शामिल नहीं हुई क्योंकि उन्हें हूडा से कम टिकट मिले थे।

कांग्रेस के कई नेता, पार्टी के दलित वोट दूर जाने के लिए सैलजा को जिम्मेवार ठहरा रहे हैं। जबकि, सैलजा का आरोप है कि हूडा जिम्मेवार है क्योंकि उन्होंने सब कुछ अपने हाथ में ही रखा।

जम्मू में कांग्रेस ने भाजपा से समझौते कर खुद को ही नुकसान पहुंचाया। यहां कांग्रेस के कई नेताओं के खिलाफ केस चल रहे हैं और वे भाजपा के साथ मेलजोल रखे हुए।

ए.आई.सी. महासचिव भरत सिंह सोलंकी ने तो कथित रुप से पूरी तरह से भाजपा का ही कहा मान रहे थे और उन्होंने ऐसे प्रत्याशियों को टिकट दिया जिससे भाजपा को फायदा हो।

कांग्रेस नेता गुलाम मोहम्मद मीर ने भी संदिग्ध भूमिका निभाई क्योंकि वे मुख्यमंत्री बनना चाहते थे और उन्हें पार्टी को गुमराह किया।

अब समय आ गया है कि राहुल गांधी बैठकर विचार करें कि पार्टी में कहां गड़बड़ हो रही है। लोकसभा चुनावों से जो फायदा मिला है वह हाथ से निकल जो इससे पहले ठोस कदम उठाना होगा। हरियाणा की हार कांग्रेस का भारी नुकसान है इसका असर झारखंड और महाराष्ट्र पर भी पड़ सकता है।

## दो अमरीकी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आर्टिफीशियल न्यूरल नैटवर्क्स के साथ मशीन लर्निंग को सक्षम बनाने वाली खोजों के लिए दिया गया है।

नोबल एकेडमी ने अपने बयान में कहा कि इन वैज्ञानिकों ने अपनी खोज में फीजिक्स के टूल्स का इस्तेमाल किया है। होपफील्ड ने प्रिंसटन युनिवर्सिटी में अपना शोध किया। उन्होंने नैटवर्क विकसित किया जो डेटा में तस्वीरों व अन्य पैटर्न को सुरक्षित रख सकता और रीक्रिएट कर सकता है। इसे होपफील्ड नैटवर्क नाम दिया गया है।

होपफील्ड नैटवर्क भौतिकी पर आधारित है, विशेष रुप से यह बताता है परमाणुओं के अंदर छोटे चुंबक कैसे व्यवहार करते हैं।

ज्यॉफ्री हिंटन युनिवर्सिटी ऑफ टॉरंटो के हैं, उन्होंने हॉपफील्ड नैटवर्क का प्रयोग करके एक नया नैटवर्क विकसित किया जो एक अलग मैथड बोल्ट्जमैन मशीन का प्रयोग करता है। यह विभिन्न आंकड़ों में महत्वपूर्ण विशेषताओं को पहचानना सीखती है।

# कांग्रेस स्वीकार नहीं कर पा रही है हरियाणा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की बातों का उपयोग गलत विचार रखने वाले लोग वहाँ उस प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए कर सकते हैं, जहाँ अभी मतगणना हो रही है, अर्थात अधिकांश मतगणना केन्द्रों में इसका गलत उपयोग हो सकता है।"

चुनाव आयोग ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि सभी सीटों के करीब 25 राउन्डों की मतगणना की जानकारी हर पाँच मिनट पर अपडेट की जा रही है। अपने जवाब में चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि आयोग "गैर जिम्मेदाराना, निराधार तथा अपुष्ट एवं दुर्भावनापूर्ण कथनों को विश्वनीयता प्रदान करने के आपके (रमेश जी के) अप्रत्यक्ष प्रयास को साफ तौर पर खारिज करता है।"

शाम को करीब 5 बजे एक प्रैस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए, रमेश ने कहा, "हरियाणा के परिणाम पूरी तरह अप्रत्याशित, पूरी तरह चौंकाने वाले तथा सहजबोध के प्रतिकूल हैं। ये वास्तविकता के विरुद्ध हैं। ये हरियाणा के लोगों के उस दृढ़ निश्चय के विरोधी हैं, जो उन्होंने बदलाव एवं परिवर्तन के लिए किया था। इन परिस्थितियों में, आज घोषित हुए परिणामों को स्वीकार करना हमारे लिए सम्भव नहीं है। हमने आज हरियाणा में जो कुछ देखा, वह गड़बड़ी की जीत, जनता की इच्छा को नष्ट किए जाने की जीत, तथा पारदर्शी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की हार है। हरियाणा का अध्याय अभी पूरा नहीं हुआ है।" उन्होंने आगे कहा, "आज दोपहर बाद पूरे समय, मैं चुनाव आयोग के सम्पर्क में रहा हूँ। उन्होंने मेरी शिकायतों का उत्तर दिया है। मैंने उस उत्तर का प्रत्युत्तर दिया है। हमें मतगणना की प्रक्रिया तथा हरियाणा के कम से कम तीन जिलों में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन्स (ई.वी.एम.) के कार्य करने के बारे में बहुत गम्भीर शिकायतें मिली हैं। जितनी शिकायतें हमारे पास आ रही हैं, शिकायतें उनसे कहीं बहुत ज्यादा हैं। हम ये सारी जानकारियाँ तथा शिकायतें इकट्ठा कर रहे हैं तथा इन्हें आज या कल चुनाव आयोग के सम्मुख रखेंगे।"

जब उनसे पूछा गया कि क्या पार्टी को इस तथ्य को आत्म-परीक्षण की जरूरत है कि उसके 16 वर्तमान विधायक हरियाणा में चुनाव हार गए हैं तथा जम्मू-कश्मीर के चुनाव भी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठजोड़ के चलते ही जीते जा सके हैं, तो उन्होंने उत्तर दिया कि आत्म-निरीक्षण का समय भी आयेगा। लेकिन उन्होंने कहा, "इस समय इसे महत्वपूर्ण चीज पर यह है कि जीत हमसे छीन ली गई है। तन्त्र का दुरुपयोग किया गया है।"

कांग्रेस नेता ने प्रारम्भिक रिपोर्ट्स के आधार पर कहा कि हरियाणा की 12-14 सीटें ऐसी हैं, जहाँ उम्मीदवारों ने गम्भीर प्रश्न उठाये हैं तथा ये प्रश्न मतगणना प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा तथा ई.वी.एम. के काम करने के विषय में हैं। यह पूछे जाने पर, कि क्या पार्टी कानून का सहारा लेगी, रमेश ने कहा कि हम सबसे पहले तो चुनाव आयोग के पास जायेंगे तथा फिर पार्टी विचार करेगी कि उसके क्या करने की जरूरत है। उन्होंने घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, "ई.वी.एम. की व्यवस्था की इन मशीनों की सत्यनिष्ठा तथा स्थानी प्रशासनिक अधिकारियों पर असाधारण दबाव से संबंधित गम्भीर सवाल हैं। हरियाणा में "डबल इंजन" सरकार रही है, इसलिए "डबल इंजन" दबाव है। जो लोग अच्छे-खासे अन्तर से बढ़त लिए हुए थे, वे 50, 100, 250 वोटों से हार गए हैं। यह केवल गड़बड़ी और दबाव के चलते ही हो सकता है।"

प्रैस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि पार्टी को हिसार, महेन्द्रगढ़ तथा पानीपत जिलों से लगातार शिकायतें मिलती रहीं। उन्होंने नारनौल उम्मीदवार राव नरेन्द्र सिंह का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, "जिन ई.वी.एम. मशीनों में 99 प्रतिशत बैटरी थीं, उनके द्वारा दिए गए परिणाम हमारे खिलाफ थे, तथा जिन मशीनों में 60-70 प्रतिशत बैटरी थी तथा जिन्हें स्पर्श नहीं किया गया था, वे सामान्य रूप से काम कर रही थीं तथा उनके परिणामों में हमारे उम्मीदवार विजयी रहे। हमारे उम्मीदवारों ने रिटर्निंग अफसरों को भी शिकायतें दी हैं। हम जल्दी ही चुनाव आयोग जायेंगे। "ये तन्त्र की जीत है, लोकतन्त्र की हार है।" खेड़ा ने आगे कहा, "हमने यह नहीं कहा है कि सभी मशीनें दोषपूर्ण हैं। हमने यह भी नहीं कहा है कि हरियाणा की सारी मशीनें दोषपूर्ण हैं। लेकिन गड़बड़ी हुई है, ........। आप मुझे बताएं : ये मशीनें इतने दिनों से पड़ी हुई हैं, इन सबमें स्टैन्डर्ड 99 प्रतिशत बैटरी कैसे हो सकती है? ऐसा नहीं कि शिकायतें दोपहर बाद शुरू हुईं, शिकायतें एक भी परिणाम आने से पहले ही कर दी गई थीं। राव नरेन्द्र सिंह तथा हमारे पानीपत उम्मीदवार हमें शिकायतें करना तभी शुरु कर दिया था, जब उन्हें बढ़त हासिल थीं।"

जब एग्ज़िट पोल्स की भविष्यवाणी में कांग्रेस की आसान जीत बताई गई थी, उसके बाद, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा था कि भाजपा लगातार तीसरी बार राज्य में सरकार बनायेगी तथा भविष्यवाणी की थी कि कांग्रेस ई.वी.एम. पर दोषारोपण करेगी। सैनी ने कहा था, "आठ तारीख को जनता देगी जवाब, और ये कहेंगे ई.वी.एम. है खराब।"

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908

# आयोग ने भर्ती का विज्ञापन जारी किया

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा मूल्यांकन विभाग में अनुसंधान सहायक के 26 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है।

शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचनाऐं आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 अक्टूबर से 13 नवंबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथा समय सूचित कर दिया जाएगा।


## कार्यालय जोधपुर नगर निगम उत्तर

क्रमांकः– विकास / उत्तर / द्वितीय / 2024–25 / 480 दिनांकः– 07.10.2024

:: ई–निविदा सूचना संख्या ::

नगर निगम जोधपुर की ओर से विभिन्न विकास कार्य हेतु ऑनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की विस्तृत जानकारी एवं शर्तें इत्यादि वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.raj.nic.in पर एवं जोधपुर नगर निगम उत्तर की वेबसाईट https://lsg.rajasthan.gov.in/mcjn देखी जा सकती है। UBN No. DLB2425WSOB10120

राज.संवाद / सी / 24 / 6242 महापौर आयुक्त



## कार्यालय नगर परिषद, पुष्कर जिला -अजमेर (राज)

क्रमांक :- न.पा.पु./स्वास्थ्य/2023/1649 दिनांक :- 04/10/2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर परिषद पुष्कर में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों, सेवाप्रदाताओं व एनजीओ से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से सुखा व हरा चारा सप्लाई कार्य हेतु राशि 30.00 लाख रूपये हेतु ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। ऑन लाईन निविदा फार्म डाउनलोड करके भरने की दिनांक 05.10.2024 को 9 ए.एम. से दिनांक 20.10.2024 को समय 6 पी.एम तक एवं निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

यूबीएन नं. : DLB2425GLOB10019

राज.संवाद/सी/24/6217 सभापति नगर परिषद पुष्कर आयुक्त नगर परिषद पुष्कर



मुख्यमंत्री निःशुल्क जाँच योजना

## Rajasthan Medical Services Corporation Limited, Jaipur

Gandhi Block, SwasthyaBhawan, TilakMarg, C-Scheme, Jaipur - 302005
Ph. No. 0141-2223887, Fax : 0141-2228065 E-mail : edepmrmsc-rj@nic.in
CIN:U24232RJ2011SGC035067 Website:http://rmsc.health.rajasthan.gov.in

No. F-8( ) RMSC/EPM/M-5/2024-25/NIB-830/784 Dated: 08.10.2024

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Item **Sleep Lab (Polysomnography)** are invited from interested bidders up to 28.10.2024; 06:00 p.m. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and http://rmsc.health.rajasthan.gov.in.

UBN- : MSC2425GLRC00044

Executive Director (EPM)
RMSCL, Jaipur

Raj.Samwad/C/24/6298



## राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-लिग्नाईट, सी-स्कीम, जयपुर- 302005(राज.), फोन नम्बरः (0141)2227938, 2227710, 2227715, फैक्सः (0141)2227360, 2227761 Email:- Jaipur.rsmml@rajasthan.gov.in

**ई-निविदा सूचना** दिनांक :- 07/10/2024

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| F.6(1)56/CC/2024/ 115 Dated 07.10.2024 UBN No. MML2425SLOB00130 | सोनारी लिग्नाईट परियोजना, बाड़मेर पर तीन (03) बालेरो – 07 सीटर (ए.सी. डीजल टैक्सी परमिट) या समकक्ष वाहन मय वाहन चालक सहित किराये पर लेने हेतु । टैक्सीयों का मॉडल वर्ष 2022 या उसके बाद का होना आवश्यक है। अनुमानित मूल्य (रू.) 60.00 लाख धरोहर राशि (रू.) – 120,000/-, निविदा राशि– 4720/- जी.एस.टी. सहित। ई–निविदा प्रक्रिया शुल्क रूपये 1500 / – का डी.डी. जो कि एम.डी.आर.आई.एस.एल. जयपुर के नाम देय हो। |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबंधक (यांत्रिकी–अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/24/6272 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)



## राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

क्रमांक-संक्षिप्त वि.सं.16/Exam/Researej Assostamt/RPSC/EP-1/2024-25 दिनांक-08.10.2024

आयोग द्वारा मूल्यांकन विभाग के लिए राजस्थान अधीनस्थ सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम 2001 के अन्तर्गत अनुसंधान सहायक (RESEARCH ASSISTANT) के कुल 26 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते है। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। उक्त पदों हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है-

| | |
|---|---|
| आयु सीमा | दिनांक 01.01.2025 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम होनी चाहिये। |
| आवेदन अवधि | दिनांक 15.10.2024 से दिनांक 13.11.2024 रात्रि 12.00 बजे तक। |
| परीक्षा का स्थान व माह | स्थान व तिथि के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जायेगा। |

अन्य बिन्दु व सूचना-एकबारीय पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त उक्त परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.- 0145-2635212 एवं 2635200 पर संपर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।

DIPR/C/9688/2024 राम निवास मेहता, सचिव



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER RAJGARH MEDIUM IRRIGATION DIVISION BHAWANIMANDI

E-Mail: wrrajgarh@gmail.com - Phone No.: 07433-222122

No.-E.E./Rajgarh/Actt./2024-25/1279 Date:- 30/09/2024

**E-NIT No. 01/2024-25**

Bids for (1) "Construction of Micro Storage Tank at Village Runji, Tehsil Pahphar District Jhalawar". (under MJSA 2.0, Phase-I) (Rs. 34.06 Lakh)." (2) "Construction of Micro Storage Tank Near Village Rajpura, Tehsil Pachphar District Jhalawar". (under MJSA 2.0, Phase-I) (Rs. 53.94 Lakh)." (3) "Construction of Micro Storage Tank At Village Bishniya Tehsil Gangdhar, District Jhalawar." (under MJSA 2.0, Phase-I) (Rs. 37.21 Lakh)." (4) "Construction of Anicut at Village Khejdiyakhal, Tehsil Pachpahar, District Jhalawar." (under MJSA 2.0, Phase-I) (Rs. 19.50 Lakh)." (5) "Construction of Micro Storage Tank Near Village Khejdiyakhal, Tehsil Pachphar, District Jhalawar." (under MJSA 2.0, Phase-I) (Rs. 55.40 Lakh)." (6) "Construction of Amrit Sarovar At Village Runji, Tehsil Pachphar, District Jhalawar." (under MJSA 2.0, Phase-I) (Rs. 32.74 Lakh)."are invited from interested bidders (registered in appropriate class) from 04.10.2024 (9:30 AM) to 13.10.2024 (06:00 PM). Other particulars, terms & conditions may be seen on the procurement portal www.eproc.rajasthan.gov.in, www.waterresources.rajasthan.gov.in www.dipr.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in &

NIB Code :-
UBN For Item No. 01 :-
UBN For Item No. 02 :-
UBN For Item No. 03:-
UBN For Item No. 04 :-
UBN For Item No. 05 :-
UBN For Item No. 06 :-

(Kamlesh Kumar Meena)
Executive Engineer
Rajgarh Medium Irrigation
Division Bhawanimandi

DIPR/C/9515/2024



## कार्यालय नगर निगम, अजमेर

पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर (राज.)

क्रमांक : आर.ओ.(ओ.आर.) / 1257 दिनांक : 07.10.2024

**ई–नीलामी सूचना**

रजिस्ट्रेशन एवं अमानत राशि ऑनलाईन जमा कराने दिनांक व समय :– 07.10.2024 सांय 06:00 बजें से 15.10.2024 को सांय 05:00 बजें तक।
ऑनलाईन बोली की दिनांक व समय :– 16.10.2024 प्रातः 11:00 बजें से 17.10.2024 को प्रातः 11:00 बजें तक।
नीलामी स्थल एवं समस्त भुगतान प्रक्रिया – ऑनलाईन

नगर निगम अजमेर द्वारा निम्नांकित अवधि के लिये निम्न वर्णित पार्किंग स्थल के संचालन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. स. | पार्किंग स्थल का नाम | ठेका अवधि | (प्रतिभूति) अमानत राशि | प्रारम्भिक सरकारी बोली (प्रथम वर्ष) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुराना पशु चिकित्सालय गोल प्याउ के पास नया बाजार अजमेर। | कार्यादेश की दिनांक से 1 वर्ष तक | 45,500 / – | 22,60,500 / – |

अतः इच्छुक व्यक्ति / फर्म / संस्था नगर निगम के ऑनलाईन पोर्टल https://ajmermc.procure247.com/home पर नियमानुसार रजिस्ट्रेशन कराकर ई–नीलामी में भाग ले सकते है। नियम व शर्तों की जानकारी नगर निगम अजमेर की अन्यकर शाखा में किसी भी कार्यालय दिवस व समय पर ली जा सकती है एवं नगर निगम की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/mcajmer व Rajasthan State public Procurement Portal पर भी सूचना उपलब्ध है। UBN-ANN2425SLOB00134

राज.संवाद / सी / 24 / 6244 उपायुक्त



राजस्थान सरकार

## निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर

विभागीय दूरभाष नं. 0294-2415091 विभागीय एक्सटेंशन नम्बर 211, 212 व 219

क्रमांक निदे/अ.ख.अ. नीलामी/निलामी (QL2) /2024/ई-08618

**नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली 2017 के अध्याय-III के तहत अप्रधान खनिजों के 118 क्वारी लाईसेंस प्लॉटों का आवंटन किये जाने के लिए ई-नीलामी के माध्यम से इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर बोली आमंत्रित की जाती है। क्वारी लाईसेंस प्लॉटों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है।

| क्र.सं. | जिला | ग्राम (तहसील) | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चित्तौड़गढ़ | रावडदा (बेंगू) | सेण्डस्टोन | 83 |
| 2 | चित्तौड़गढ़ | बिनोता,विजयपुरा पटवार हल्का गुढाखेडा (निम्बाहेडा) | लाईमस्टोन (पट्टी) फर्शी एवं खण्डा) | 15 |
| 3 | भीलवाडा | सुखपुरा,खडीपुर, बिजौलिया खुर्द (बिजौलिया) | सेण्डस्टोन | 15 |
| 4 | जोधपुर (ग्रामीण) | करणीसर व सिहांदा (शेरगढ) | सेण्डस्टोन | 03 |
| 5 | नागौर | खाटूकला (जायल) | सेण्डस्टोन | 02 |

क्वारी लाईसेंस प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd. की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।

(भगवती प्रसाद) IAS
निदेशक

DIPR/C/9593/2024


# पदयात्रियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, महिला की मौत

## एक दर्जन घायल, शीतला माता के दर्शन कर करीब 400 पदयात्री नौ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार होकर लौट रहे थे

**निवाई/गुंसी, (निसं)** गुंसी से राहोली जाने वाले सड़क मार्ग पर सोमवार की रात करीब 8:15 बजे शीतला माता चाकसू से वापस अपने गांव चतुर्भुजपुरा आते समय पदयात्रियों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई, जिससे उसमें सवार एक महिला की मौत हो गई और दर्जन भर यात्री घायल हो गए।

- **सजिया गांव के पास अचानक ट्रैक्टर के सामने गायों का झुंड आने से हादसा हो गया**

निवाई सदर थाना प्रभारी जयमल सिंह ने बताया कि गांव चतुर्भुजपुरा एवं आसपास की ढाणियों से करीब 400 पदयात्री सोमवार सुबह ही माताजी के ढोक लगाने गए थे। शाम को माताजी के भोग लगाकर प्रसादी ग्रहण करने के बाद करीब नौ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब सवा आठ बजे सजिया गांव के पास अचानक ट्रैक्टर के सामने गायों का झुंड आ गया। जिन्हें बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर असंतुलित हो गया और ट्रॉली पलटी खा गई। जिससे ट्रॉली के नीचे दबने से पदयात्रियों में चीख पुकार मच गई। चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अन्य पदयात्रियों के सहयोग से ट्रॉली को ऊंचा कर सभी घायलों को बाहर निकाला और दो 108 एंबुलेंस की सहायता से चाकसू और निवाई सरकारी अस्पताल में सभी घायलों को पहुंचाया।



निवाई-गुंसी के समीप पलटी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबे हुए यात्रियों को ग्रामीणों ने निकाला।

घटना में सुनिता उर्फ सोनू 32 वर्ष पत्नी मनोहर उर्फ मनोज जांगिड़, दीपक पुत्र भैरू जांगिड़, निवासी चतुर्भुजपुरा, रामराज पुत्र रामपाल मीणा निवासी मोहनपुरा एवं सियाराम पुत्र पप्पू गुर्जर निवासी राहोली को चाकसू के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने सुनीता उर्फ सोनू जांगिड़ को मृत घोषित कर दिया। दीपक की हालत ज्यादा गम्भीर होने पर उसे जयपुर रैफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रिंस जांगिड़ (12) पुत्र मनोज जांगिड़, पृथ्वी सिंह पुत्र जगदीश सिंह, अनीता देवी पत्नी गणेश जैन, गणेश प्रसाद पुत्र रामेश्वर सैन, सीता देवी पत्नी कालूराम सैन, निशा पुत्री प्रहलाद जांगिड़, आदित्य शर्मा पुत्र सुरेश शर्मा, साक्षी (8) पुत्री गणेश सैन व राजवीर सिंह पुत्र भरत सिंह को निवाई चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी की छुट्टी कर दी गई। वहीं सूचना पर विधायक रामसहाय वर्मा एवम निवाई शहर थानाधिकारी हरिराम वर्मा भी सामुदायिक चिकित्सालय जाप्ते सहित पहुंचे और घटना की जानकारी ली। विधायक वर्मा ने एक्स-रे रूम खुलवाकर सभी घायलों का एक्स-रे करवाया।

## चोरों ने समारोह स्थल, घर और मंदिर को निशाना बनाया

**अजमेर, (कासं)।** शहर में चोरों ने समारोह स्थल, घर और मंदिर को निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र में चोरों ने एक समारोह स्थान को निशाना बनाया। नया बाजार निवासी राकेश गर्ग ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित गर्ग ने बताया कि उसके समारोह स्थल से अज्ञात चोर करीब चार लाख का सामान चोरी कर ले गए हैं।

वहीं कोतवाली थाना क्षेत्र नागफनी निवासी दिव्यांशी सेन ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि वह अपनी स्कूटी से बजरंगगढ़ स्थित मंदिर दर्शन के लिए आई थी, जब मंदिर परिसर के अंदर गई, तब अपना बैग मंदिर परिसर के कुर्सियों पर रख दिया था, जिसमें उसका एक लैपटॉप था। दर्शन करने के बाद वापस लौटी तो बैग वहां नहीं था, इधर-उधर ढूंढा भी लेकिन बैग नहीं मिला। वहीं पत्रकार कॉलोनी कोटड़ा निवासी जितेंद्र सिंह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों ने घर पर चोरी की वारदात अंजाम देते हुए घर से सोने-चांदी के जेवरात सहित 45 हजार रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर अन्य सामान भी चुरा ले गए।

# गोगुंदा में आदमखोर पैंथर की तलाश जारी

## आदमखोर पैंथर को तलाशती रेस्क्यू टीम को सायरा के पास घायल जरख मिला

**उदयपुर, (कासं)।** जिले की गोगुंदा तहसील में लोगों पर हमला करने वाले पैंथर की तलाश जारी है। वहीं गोगुंदा क्षेत्र में सायरा के पास मंगलवार को एक जरख नाले के पास घायल मिला। सूचना पर वन विभाग की टीम रेस्क्यू कर जरख को उदयपुर लेकर आई, जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी अनुसार सायरा थाना क्षेत्र में झालों का कलवाणा व गायफल गांव के बीच नाले के पास मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे जरख के घायल होने की सूचना मिली। वनपाल विकास मीणा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्हें जरख झाड़ियों के पास नाले के पास मिला। उन्होंने बताया कि जरख को पकड़ने के लिए उदयपुर से रेस्क्यू टीम बुलाई गयी। टीम ने आकर उसे रेस्क्यू किया और पिंजरे में डालकर उड़नदस्ते के जरिए उदयपुर के सज्जनगढ़ बायोलोजिकल पार्क ले गए जहां उसका उपचार किया जा रहा है। रेस्क्यू करने के दौरान मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

- **वन विभाग की टीम रेस्क्यू कर जरख को उदयपुर लेकर आई, उपचार किया**
- **इमरजेंसी रिस्पांस टीम के दूसरे दल ने पूरे जंगल की स्थिति को जाना**

जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में भी पिछले दिनों पैंथर को लोगों के देखने के बाद से लोग घबराए हुए हैं। बताया गया है कि जरख के शरीर पर चोट के निशान थे, जिससे यह लगता है कि उसको पत्थर मारे गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि पैंथर से घबराएं लोगों ने पत्थर मारे हो। हालांकि इससे जुड़ा कोई साक्ष्य वन विभाग को नहीं मिला है। इधर गोगुंदा और बड़गांव तहसील से सटे जंगलों में वन विभाग की ओर से चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के बाद भी पैंथर को लेकर कुछ पता नहीं चला। इमरजेंसी रिस्पांस टीम (ईआरटी) के दूसरे दल ने मंगलवार को भी पूरे जंगल की स्थिति को जाना और पैंथर के हमले वाले प्वाइंट और उसके मूवमेंट वाले जंगल को देखा। टीम में शामिल वाइल्ड लाइफ विंग के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक राजेश गुप्ता, रणथंभौर के फील्ड डायरेक्टर अनूप केआर और केवलादेव नेशनल पार्क के डीएफओ मानस सिंह शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पैंथर ने राठौड़ों का गुडा और केलवों का खेड़ा में 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को हमला किया था, लेकिन अभी तक उन जगहों पर वापस पैंथर का मूवमेंट नहीं हुआ है।

# डंपर ने कार और बाइक को टक्कर मारी, एक की मौत



घायलों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया।

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के बानसूर रोड़ पर साबी नदी के पास एक तेज रफ्तार डंपर एक कार और बाइक को कुचलते हुए सड़क से करीब 20 फीट नीचे खेत में जाकर पलट गया। हादसे में बाईक सवार युवक की मौत हो गई जबकि कार चालक को गंभीर हालात में कोटपुतली जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उसे जयपुर के लिए रैफर कर दिया गया। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

- **डंपर सड़क से करीब 20 फीट नीचे खेत में जाकर पलट गया**

जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब 2.30 बजे बानसूर रोड़ पर साबी नदी के पास की है। घटना में बाइक डंपर के नीचे दब गई जिसको तीन क्रेनो की सहायता से करीब एक घण्टे में निकाला गया। जिसमें बाईक चकनाचूर हो गई। बीडीएम ट्रोमा इंचार्ज श्रीराम गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि बानसूर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कोटपुतली की तरफ से जा रहे बाइक सवार बुटेरी निवासी अंचल उर्फ रेशू शेखावत (22) और कार चालक राजपाल गुर्जर निवासी आलनपुर (हरसौरा) को कुचलते हुए नीचे खेत में जाकर पलट गया।। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को निकालने में जुट गए। इस दौरान बाइक सवार रेशू शेखावत और कार चालक राजपाल गुर्जर को बाहर निकाला गया और रोटी बैंक निशुल्क एंबुलेंस की सहायता से कोटपुतली जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहा डॉक्टरों ने रेशू शेखावत को मृत घोषित कर दिया, वही राजपाल गुर्जर की गंभीर हालात होने पर कोटपुतली से रैफर कर दिया। शाम तक राजपाल गर्जर की स्थिति भी नाजुक बनी हुई थी। ग्रामीणों ने डंफर के नीचे और लोग दबे होने की आशंका पर कोटपुतली से तीन क्रेन मंगवाई और डंपर को खेत से बाहर निकाला, डंपर के नीचे बाइक दबी हुई निकली।

## कंटेनर का स्टेरिंग फेल, खाई में गिरा

**मनोहरपुर, (निसं)।** कस्बे के जयपुर से दिल्ली जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर टायर का केमिकल ले जा रहे एक कंटेनर का स्टेरिंग फेल होने से वह संतुलित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच में बने डिवाइडर की खाई में गिर गया। जिससे चालक के गंभीर चोट लग गई। जानकारी के अनुसार जहाजपुर भीलवाड़ा निवासी शिवराज पुत्र बद्रीलाल अपने कंटेनर में टायर पाउडर का केमिकल भरकर मुंदरा पोर्ट से भिवाड़ी की ओर जा रहा था।

इसी दौरान मनोहरपुर थाने के पास कंटेनर का ब्रेक फेल होने से कंटेनर संतुलन खोकर सड़क के बीच बने डिवाइडर की खाई में गिर गया। जिससे चालक शिवराज गंभीर आप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए मनोहरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. HINDAUN

File No. 2379-88 Date:- 01/10/2024

**Notice Inviting Bid**

Bid (E-NIT No. 09/2024-25) for Consultancy Work "Preparation of Detailed Project Report (DPR) including Land Acquisition" are invited from Registard & Interested bidders up to 6.00 PM on 15.10.2024. procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website may be Visited for Other Details of Bid. The approximate value of the procurement is Rs. 33.80 lacs.

UBN NO. NIB PWD2425A1967
UBN PWD2425SLOB07239

(Hari Narayan Meena)
Executive Engineer
PWD Division Hindaun

DIPR/C/9539/2024



राजस्थान सरकार

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम

मिनी स्वास्थ्य भवन, सेठी कॉलोनी, जयपुर

क्रमांक/भण्डार/266 दिनांक-01.10.2024

**ई-निविदा सूचना**

इस कार्यालय के अधीन जिला स्वास्थ्य समिति जयपुर प्रथम के अन्तर्गत वित्तिय वर्ष 2024-25 में आयोजित किये जाने वाले विभिन्न प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु भोजन, आवास एवं मिटिंग हॉल की व्यवस्था किये जाने हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म एवं भरे हुये निविदा फार्म (ई-निविदा) के माध्यम से दिनांक 01.10.2024 से 21.10.2024 को दोपहर 12.00 तक डाउनलोड एवं अपलोड किया जा सकेगा। ऑनलाईन ई-निविदा के माध्यम से जमा/अपलोड करायी गयी निविदाओं को दिनांक 21.10.2024 को दोपहर 3.00 बजे खोला जायेगा। शेष शर्ते निविदा प्रपत्र में अंकितानुसार होगी जो SPPP.raj.nic.in एवं eprocure.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा शुल्क 1000/- प्रति टेण्डर व अमानत राशि के डिमाण्ड ड्राफ्ट जिला स्वास्थ्य समिति जयपुर प्रथम के नाम देय होंगे, एवं प्रोसेसिंग शुल्क नियमानुसार अनुसार होगा। जिसका डीडी MDRISL RPR के नाम देय होगा। जो निर्धारित तिथि तक अथवा उससे पूर्व कार्यालय में जमा कराने होंगे।

| क्र. सं. | समान विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) | बयाना राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विभिन्न प्रशिक्षणों में चाय,नाश्ता,लंच, डिनर व इत्यादि की व्यवस्था, विस्तृत जानकारी टेण्डर फार्म में उपलब्ध है। UBN: MHS2425SLOB03273 | 6000000.00 (साठ लाख) | 120000.00 (एक लाख बीस हजार) | 1000.00 (एक हजार) |
| 2 | विभिन्न प्रशिक्षणार्थियों के लिए मीटिंग हाल आवास व्यवस्था हेतु विस्तृत जानकारी टेण्डर फार्म में उपलब्ध है। UBN: MHS2425SLOB03274 | 10000000.00 (एक करोड़) | 200000.00 (दो लाख) | 1000.00 (एक हजार) |

ट्रेनिंग हॉल, आवास व्यवस्था व भोजन व्यवस्था के लिए अलग-अलग निविदाऐं प्रस्तुत की जानी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जयपुर प्रथम

DIPR/C/9586/2024



राजस्थान सरकार

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय

मिनी स्वास्थ्य भवन, सेठी कॉलोनी, जयपुर

क्रमांक-स्टोर/2024-25/130 **ई-निविदा सूचना** दिनांक-01.10.2024

इस कार्यालय के अधीन जिला स्वास्थ्य समिति जयपुर द्वितीय के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में संचालित विभिन्न योजनाओं हेतु विभिन्न प्रकार के मानव संसाधन सेवाऐं अनुबन्ध के आधार पर लिये जाने के लिए पंजिकृत सक्षम सेवा प्रदाता एजेन्सीयों/संस्थाओं/फर्मो से इस कार्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य आवश्यक विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखे जा सकते है। उक्त निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार निविदा कमेटी के पास होगा। बोली प्रतिभूति राशि (अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत राशि 2,32,520/-) एवं बोली प्रपत्र शुल्क 1000/- रू. का डी.डी. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के नाम से देय होगा। उक्त के अतिरिक्त राशि रू. 1500 का डीडी MD RISL के नाम से प्रतिभूति राशि एवं बोली प्रपत्र राशि की डी.डी. एवं समस्त दस्तावेज मूल ही कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य है। टेण्डर डोक्यूमेन्ट्स की भौतिक प्रतिलिपि (Physical Copy of tender documents) के अभाव में संबंधित फर्म का टेण्डर एडमिट नहीं किया जावेगा।

| क्र. सं. | सेवा का विवरण | अनुमानित संख्या | अनुमानित लागत लाखों में | निविदा फार्म प्राप्त/ डाउनलोड करने की दिनांक | निविदा फार्म जमा/अपलोड करने की दिनांक | निविदा फार्म खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेडिकल ऑफिसर (जनता क्लिनिक हेतु) | 10 | 33,60,000 | 04.10.2024 | 24.10.2024 दोपहर 12.00 बजे तक | 24.10.2024 दोपहर 2.00 बजे |
| 2 | नर्सिंग कर्मी/स्टाफ नर्स (जनता क्लिनिक हेतु) | 20 | 13,80,000 | | | |
| 3 | ए.एन.एम. (जनता क्लिनिक हेतु) | 10 | 5,40,000 | | | |
| 4 | फार्मासिस्ट (जनता क्लिनिक हेतु) | 10 | 7,20,000 | | | |
| 5 | सर्पोट स्टाफ (जनता क्लिनिक हेतु) | 10 | 9,80,000 | | | |
| 6 | स्वीपर (जनता क्लिनिक हेतु) | 10 | 4,50,000 | | | |
| 8 | बायो मेडिकल इंजिनियर | 01 | 5,16,000 | | | |
| 9 | एफ पी काउन्सलर | 01 | 1,80,000 | | | |
| 10 | कम्प्यूटर ऑपरेटर (5-NHM and 2 PNDT) (विद मशीन) | 07 | 9,00,000 | | | |
| 11 | कम्प्यूटर ऑपरेटर (मैन विदाउट मशीन) | 05 | 6,00,000 | | | |
| 12 | सर्पोट स्टाफ (एनएचएम/यूएचएम कार्यालय हेतु) | 02 | 2,00,000 | | | |
| 13 | डीबीसी वर्कर (मलेरिया) | 09 | 10,00,000 | | | |
| 14 | अन्य | 03 | 8,00,000 | | | |
| | कुल | 100 | 1,16,26000 | | | |

अन्य जानकारी हेतु प्री-बिड मिटिंग दिनांक 11.10.2024 को सायं 3.00 बजे से अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय चेम्बर में आयोजित की जावेगी। NIB- MHS2425A2294, UBN-MHS2425SLOB03279, Mob.: 7374004405

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जयपुर द्वितीय

DIPR/C/9526/2024



## Jodhpur Development Authority, Jodhpur

E-Auction Programme of Residential, Commercial, Industrial, School & Multistory Residential Plots in Jodhpur :- (October-November 2024)

क्रमांक :–एफ46 / नीलामी / 2024 / सितम्बर / 150 दिनांक:– 30.09.2024

दीपावली पर बम्पर ई–नीलामी

**भूखण्डों की दीपावली पर बम्पर ई–नीलामी दिनांक 15.10.2024 से 21.11.2024 तक**

**106 आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक, स्कूल एवं मल्टीस्टोरी रहवासीय भूखण्ड**

विवेक विहार योजना (60 आवासीय भूखण्ड) (5 व्यावसायिक भूखण्ड) योजना में कुल भूखण्ड (50.19 वर्गमीटर से 1560 वर्ग मीटर) — 65

गंगा विहार योजना में कुल भूखण्ड (41.82 वर्ग मीटर से 256.51 वर्ग मीटर) — 10

राज्य कर्मचारी आवासीय योजना ग्राम मोगड़ा कलां योजना में कुल भूखण्ड (41.82 वर्ग मीटर से 360.28 वर्ग मीटर) — 09

उद्योग विहार औद्योगिक योजना में कुल भूखण्ड (1250 वर्ग मीटर से 6324 वर्ग मीटर) — 09

खसरा संख्या– 713 ग्राम चौखा आवासीय योजना में कुल भूखण्ड (334.49 वर्ग मीटर से 348.51 वर्ग मीटर) — 04

राजीव गांधी नगर चौखा योजना में कुल भूखण्ड (299.25 वर्ग मीटर से 401.28 वर्ग मीटर) — 04

मल्टीस्टोरी रहवासीय भूखण्ड राजीव गांधी नगर चौखा योजना में कुल भूखण्ड (2464 वर्ग मीटर से 2500 वर्ग मीटर) — 02

रामराज नगर सेक्टर–1 वाणिज्यिक भूखण्ड (3179.57 वर्ग मीटर) — 01

रामराज नगर सेक्टर–5 वाणिज्यिक भूखण्ड (6750 वर्ग मीटर) — 01

रामराज नगर सेक्टर–2 विद्यालय हेतु भूखण्ड (2800 वर्ग मीटर) — 01

ईएमडी जमा दिनांक: 15 अक्टूबर 2024 से प्रारम्भ

ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथिः 15 अक्टूबर 2024; अंतिम तिथिः 21 नवम्बर 2024

प्रभारी अधिकारी (नीलामी शाखा)
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर
मोबाईल नं.– 96723–54150, 96364–12457

अधिक जानकारी के लिए QR स्कैन करें।

निदेशक वित्त
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर
फोनः– 0291–2656355, 2656356

राज.संवाद / सी / 24 / 6307

नीलामी के समस्त भूखण्डों की विस्तृत जानकारी एंव नीलामी की शर्ते जोधपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट : joda.rajasthan.gov.in पर देखें या कार्यालय में सम्पर्क करें। नीलामी की प्रक्रिया SSOID के जरिये Urban Services के माध्यम से की जाएगी।



मैंने जो सपना देखा वह साकार होने जा रहा है। मैं अपना विदाई टेस्ट मैच अपने होम ग्राउंड पर खेलना चाहता था और अब ये संभव लग रहा है। - शाकिब अल हसन

बांग्लादेश के ऑलराउंडर, अपने आखिरी मैच को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **रोहित शर्मा**



**टीम** इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड ने हिटमैन को लेकर बड़ा दावा किया है। दिनेश लाड ने कहा है कि, रोहित शर्मा भले ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल के बाद टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लें, लेकिन 2027 के वनडे वर्ल्ड कप में वे खेलते हुए नजर आएंगे। उनका कहना है कि रोहित की उम्र बढ़ रही है और वह वनडे क्रिकेट पर फोकस करने के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के बाद टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले सकते हैं। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद रोहित ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को टैस्ट मैच के दूसरे दिन ही एक पारी और 21 रन से हराकर दो दिन में जीत हासिल करने वाली तीसरी टीम का दर्जा मिला। इससे पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया यह सम्मान पा चुकी है।

## पहलवानी छोड़ राजनीति में चमकी विनेश फोगाट



नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। पहलवानी छोड़ राजनीति में एंट्री करने वाली विनेश फोगाट भले ही पेरिस ओलंपिक में मेडल जीतने से चूक गई हों लेकिन वह चुनाव में चमक गई हैं। विनेश फोगाट ने जुलाना विधानसभा सीट अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी योगेश बैरागी से 6015 वोट से जीत ली। विनेश और योगेश को छोड़कर बाकी सभी की जमानत जब्त हो गई। हालांकि इन चुनावों में विनेश और योगेश में मुकाबला बराबरी का रहा, विनेश कई बार आगे पीछे होती रही लेकिन आखिर में उनकी झोली में ही सीट की जीत आई।महज दो महीने में विनेश पहलवानी छोड़ सफल राजनेता कैसे बन गईं इसकी कहानी भी उनकी जीत की तरह है। विनेश फोगाट 7 अगस्त को पेरिस ओलंपिक के फाइनल मुकाबले में 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के कारण मेडल से चूक गई थीं। सोशल मीडिया पर उनके लिए फैंस की भावनाएं नजर आई। हर कोई विनेश के साथ खड़ा नजर आ रहा था। कोर्ट ऑफ स्पोर्ट्स एट्रीब्यूशन में आखिरी उम्मीद टूटने के बाद विनेश जब भारत लौटीं तो दिल्ली एयरपोर्ट पर ही एक तरह से उनके राजनीतिक सफर की शुरुआत हो गई थी।

# भारतीय महिला टेबल टेनिस ने रचा इतिहास

## दक्षिण कोरिया को हराकर पक्का किया मेडल



नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। जहां भारत की टीम ने सेमीफाइनल में पेरिस ओलंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट टीम साउथ कोरियाई टीम को मात देकर मेडल पक्का कर लिया है।भारतीय महिला टीम ने कोरियाई महिलाओं को 3-2 की बढ़त से हराया।बता दें कि, कजाकिस्तान के अस्ताना में एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2024 का आयोजन हो रहा है। वहींभारत ने इस प्रतियोगिता में अपना पहला पदक पक्का कर लिया है। इस जीत मेंअहिका मुखर्जी ने मुख्य भूमिका निभाई।वहीं बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम का मुकाबला जापान से होगा। जापानी खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में सिंगापुर को 3-0 से हराया। अयहिका और मनिका बत्रा ने अपने-अपने मुकाबलों में करीबी मुकाबले में जीत दर्ज करने के बाद भारत को मुकाबले में 2-0 की बढ़त मिल गई। जहां बंगाल के पैडलर ने शिन युबी को 11-9, 7-11, 12-10, 7-11, 11-7 से हराया, वहीं दिल्ली की खिलाड़ी ने जियोन जिही को 12-14, 13-11, 11-5 से हराया। 5-11, 12-10 ।

हालांकि, कोरिया ने स्कोरलाइन संतुलित करने के लिए संघर्ष किया। चोट से वापसी के बाद अपना दूसरा प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट खेल रही श्रीजा अकुला को ली यून्हे ने 0-3 से हरा दिया। तो युबिन ने इसके बाद करीबी मुकाबले में मनिका को 3-2 से हरा दिया, जिससे भारतीय खिलाड़ी ने दो गेम की हार से उबरने के लिए संघर्ष किया, लेकिन आखिर में पिछड़ गए। फिर फाइनल मैच में जिही के खिलाफ लगातार तीन गेम जीतकर अयहिका ने भारत को इस मुकाबले में बचाया और एक शानदार जीत दिलाई।



## दिल्ली पहुंची टीम इंडिया, ढोल नगाड़ों के साथ हुआ स्वागत

### सूर्यकुमार यादव ने किया भांगड़ा

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। ग्वालियर टी20 मैच जीतने के बाद टीम इंडिया मंगलवार यानी 8 अक्टूबर को दिल्ली पहुंच गई है। जहां भारतीय टीम का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ हुआ, इस दौरान टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ढोल की ताप पर भांगड़ा करते हुए नजर आए। इसका वीडियो बीसीसीआई ने अपने एक्स पर शेयर किया है। बता दें कि, 9 अक्टूबर को भारत और बांग्लादेश के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में दूसरा टी20 मुकाबला खेला जाएगा।भारत और बांग्लादेश के बीच ग्वालियर में पहला टी20 मैच खेला गया, जिसे भारत ने जीता और सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। वहीं फैंस को टीम इंडिया से दूसरे टी20 मैच में भी उम्मीद है कि वह बांग्लादेश को दूसरे टी20 मैच में भी हराएगी।

इससे पहले दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज खेली गई थी जिसे रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम ने 2-0 से अपने नाम किया था। वहीं टी20 सीरीज शुरू होने से पहले बांग्लादेश के कप्तान नजमुल शंटो ने कहा था कि, टीम टी20 सीरीज को आक्रामक होकर खेलेगी। जिसके बाद पहले टी20 में बांग्लादेश की पूरी टीम 127 रनों पर ही सिमट गई। भारत ने मैच 12वें ओवर से पहले ही जीत लिया था। बांग्लादेश के कप्तान ने पहले टी20 इंटरनेशनल मैच के बाद अपने बैटर्स को कड़ा संदेश देते हुए कहा था कि पावरप्ले में तेजी से बैटिंग करना बहुत जरूरी है। वहीं टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपने साथी खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की थी।

## भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ी टी-20 को कहेगा अलविदा



नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के खत्म होने के साथ ही बांग्लादेश के सीनियर ऑलराउंडर महमूदुल्लाह भी इस फॉर्मेट से संन्यास ले लेंगे। 38 वर्षीय महमूदुल्लाह ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच से पहले ये ऐलान किया है। महमूदुल्लाह बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कप्तान भी रह चुके हैं। साथ ही वो अपनी टीम के लिए तीनों फॉर्मेट में अपना अच्छा खासा योगदान दे चुके हैं। भारत के खिलाफ चल रही मौजूदा टी20 सीरीज महमूदुल्लाह की अंतिम टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज होगी। महमूदुल्लाह ने भारत के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, हां इस सीरीज के बाद मैं टी20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास ले रहा हूं ये पहले से ही तय था। ये इस प्रारूप को छोड़ने का सही समय है और अब मैं वनडे पर ध्यान केंद्रित करूंगा।

## श्रीलंका पर बड़ी जीत से नेट रन रेट में सुधार करने उतरेगा भारत

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर। बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैच में मिला-जुला परिणाम हासिल करने वाली भारतीय टीम महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में बुधवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने नेट रन रेट में सुधार करने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसे अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 106 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसने 18.5 ओवर खेले। भारत की टूर्नामेंट में अभी तक सबसे बड़ी समस्या बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन रहा है।

## अंडर-19 टेस्ट मैच : हरवंश पंगालिया का शतक, भारत के पहली पारी में 492 रन

चेन्नई, 8 अक्टूबर। हरवंश पंगालिया (117) की शतकीय और नित्या पांडे (94), केपी कार्तिकेय (71), निखिल कुमार (61) कप्तान सोहम पटवर्धन (63) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरे टेस्ट मैच में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 492 का स्कोर खड़ा किया है।



आज यहां चेपक स्टेडियम में भारतीय टीम ने कल के पांच विकेट पर 316 रन से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में तीन रन का इजाफा हुआ था कि ओली पैटरसन ने कप्तान सोहम पटवर्धन (63) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मोहम्मद एनान (26), समर्थ नागराज (20), चेतन शर्मा (शून्य) पर आउट हुये। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये हरवंश पंगालिया शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए 143 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए (117) रनों की पारी खेली। अनमोलजीत सिंह 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

## ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कुसाले के पिता ने कहा- मेरे बेटे को पांच करोड़ और फ्लैट मिलना चाहिए

मुंबई, 8 अक्टूबर। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज स्वप्निल कुसाले के पिता ने महाराष्ट्र सरकार से उनके बेटे को मिली दो करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उनका बेटा इससे अधिक सम्मान राशि पाने का हकदार है। कोल्हापुर के रहने वाले 29 वर्षीय स्वप्निल कुसाले ने अगस्त में पेरिस ओलंपिक खेलों की निशानेबाजी प्रतियोगिता में 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उनके पिता सुरेश कुसाले ने कहा कि उनके बेटे को पांच करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि और पुणे के बालेवाड़ी में छत्रपति शिवाजी महाराज खेल परिसर के पास एक फ्लैट मिलना चाहिए।

### स्टर्नहेगन भावनगर पोलो टूर्नामेंट

## जयपुर यूएसपीए ने क्राइसिल पोलो को 9 गोलों से पराजित किया



जयपुर, 8 अक्टूबर। राजस्थान पोलो मैदान पर खेले गए मैच में जयपुर यूएसपीए ने क्राइसील पोलो को 8 के मुकाबले 9 गोलो से हराया। क्राइसील पोलो की ओर से अल्बेरदी ने 3 गोल, शमशीर अली ने 5 गोल किये वहीं जयपुर यूएसपीए की ओर से महाराज पदमनाभ सिंह ने 1, वाट्सन ने 4 ओर सिमरन शेरगिल और देवरत सिंह ने 2-2 गोल किये। मैच के एम्पायर मार्टिन स्कोर्टीचीनी ओर अंगद कलान ओर रेफ्री गोंजालो यनजोन थे।

## सलमान का शतक, पाक ने बनाये पहली पारी में 556

मुल्तान, 8 अक्टूबर। पाकिस्तान ने मंगलवार को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन आगा सलामन (नाबाद 104)की शानदार शतक की बदौलत पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 556 रन स्कोर खड़ा किया है।

**राजधानी**

# हरियाणा की जनता ने तीसरी बार भाजपा की सरकार पर लगाई मोहर : भजनलाल शर्मा

## ‘देशभर में आने वाले विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को मिलेगा प्रचंड बहुमत’

- **हरियाणा की जनता ने विकसित हरियाणा के लिए भाजपा सरकार की लगाई हैट्रिक : मदन राठौड़**

**जयपुर।** हरियाणा विधानसभा चुनावों के परिणाम के रूझान आने के साथ ही भाजपा प्रदेश कार्यालय में जश्न का माहौल छा गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया। भाजपा युवा मोर्चा की ओर से आतिशबाजी की गई। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जलेबी बनाकर कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा करवाया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हरियाणा की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताते हुए तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर मोहर लगाई है। हरियाणा की जनता ने केंद्रीय नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीएम नायब सिंह सैनी के कार्यों और भाजपा जो कहती है, वो करती है की बात पर मोहर लगाई है। हरियाणा चुनावों के परिणामों को देखते हुए मैं पूर्ण विश्वास के साथ कह सकता हूं कि देशभर में आने वाले विधानसभा चुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ जीतेगी और केंद्र में चौथी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। हरियाणा विधानसभा चुनावों के प्रचार-प्रसार के दौरान मैंने वहां के कार्यकर्ताओ का उत्साह देखा और हरियाणा प्रदेश की जनता के उत्साह को देखते हुए भाजपा सरकार की हैट्रिक लगेगी यह साफ नजर आ रहा था। हरियाणा की जनता प्रदेश को आगे ले जाने के साथ विकसित हरियाणा बनाना चाहती है। इसलिए भाजपा को तीसरी बार बहुमत प्रदान किया।

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में लूट और झूठ का सहारा लेकर चुनाव जीतना चाहती है। कांग्रेसी नेताओं ने चुनावों के साथ जनता के बीच अफवाहें फैलाई ,लेकिन मतदाताओं ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को जवाब देने का काम किया है। ऐसे में मैं हरियाणा की जनता को कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने विकास के कार्यों पर मोहर लगाई है। सीएम शर्मा ने कहा कि हरियाणा के प्रभारी सतीश पूनिया और राजस्थान से प्रवास पर गए हमारे कार्यकर्ताओं की मेहतन रंग लाई। राजस्थान से जाने वाले कार्यकर्ताओं ने दिन रात जमीनी स्तर पर मेहनत की, उसका परिणाम भाजपा की सरकार है। मुख्यमंत्री शर्मा ने भी हरियाणा चुनावों में आधा दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार की कमान संभाली थी, उन सभी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी की जीत हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हरियाणा ही नहीं, भारतीय जनता पार्टी राजस्थान में होने वाले विधानसभा उपचुनावों में भी सभी सीटों पर जीत दर्ज कराएगी। ऐसे में राजस्थान की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तरफ ऐसा नेतृत्व है जो कभी आलू से सोना बनाता है तो कभी फैक्ट्री से जलेबी। ऐसे में राहुल गांधी को अपना जनरल नॉलेज बढ़ाने की आवश्यकता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में विकास के नए आयाम स्थापित किए है। देश में ही नहीं, पीएम मोदी ने वैश्विक पटल भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। ऐसे में हरियाणा की जनता ने देशहित और विकसित हरियाणा के लिए भाजपा सरकार की हैट्रिक लगाई है। कांग्रेस ने एक बार फिर चुनावों में भ्रम फैलाने का काम किया लेकिन हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को सीरे से नकार दिया। कांग्रेस ने हरियाणा में सारे हथकंडे अपनाते हुए चुनाव जीतने का माहौल बनाया लेकिन हरियाणा की जनता ने मोदी पर विश्वास जताया। एक ओर कांग्रेसी नेता कहते है भाजपा आरक्षण समाप्त कर देगी, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी विदेश में जाकर यह कहते है कि सत्ता में आएंगे तो हम आरक्षण समाप्त करेंगे। देशवासी कांग्रेसी नेताओं की हकीकत समझ गए और हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने का काम किया। राठौड़ ने एक बार फिर दावे के साथ कहा कि राजस्थान के आगामी 7 विधानसभा उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत होगी और प्रदेश की जनता मोदी जी के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार के कार्यों पर मोहर लगाएगी। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ अलका गुर्जर ने सोशल मीडिया के माध्यम से हरियाणा में भाजपा सरकार की हैट्रिक लगने पर शीर्ष नेतृत्व को शुभकामनाएं दी और प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया। भाजपा कार्यालय में कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, मदन दिलावर, राज्य मंत्री जवाहर बेड़म,विधायक गोपाल शर्मा, सांसद लुम्बाराम चौधरी, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, भाजपा उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, सीआर चौधरी,भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, महेंद्र कुमावत, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक , भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, सोशल मीडिया संयोजक हिरेंद्र कोशिक, आईटी संयोजक अविनाश जोशी, मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष व जिले के पदाधिकारी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने मीठाई खिलाकर मुंह मीठा किया।

## आतंकी गोल्डी बराड के गिरफ्तारी वारंट जारी

**जयपुर।** एनआईए मामलों की विशेष अदालत ने सुखदेव सिंह गोगामेडी हत्याकांड में वांछित आतंकी सतविन्द्र सिंह उर्फ गोल्डी बराड के गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। अदालत ने यह आदेश एनआईए की ओर से दायर प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए दिए।

प्रार्थना पत्र में कहा गया कि दिसंबर, 2023 में श्यामनगर थाना इलाके में सुखदेव सिंह गोगामेडी की दो बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसकी जांच बाद में एनआईए को सौंपी गई। जांच में सामने आया कि हत्याकांड के षडयंत्र में गोल्डी बराड और रोहित गोदारा सहित अन्य लोग शामिल हैं।इसके अलावा गोल्डी बराड ने आनंद तिवारी नामक व्यक्ति को सोशल मीडिया के जरिए दिए साक्षात्कार में भी माना है कि संपत्ति विवाद के चलते उसकी गैंग ने गोगामेडी की हत्या की है।

# दुबई से आए युवक के चिकन पॉक्स पाया गया

- **जयपुर एयर पोर्ट पर मेडिकल जांच में युवक को मंकी पॉक्स के लक्षण दिखाई देने पर आरयूएचएस अस्पताल में भर्ती कराया गया**
- **एहतियातन मंकी पॉक्स की जांच के लिए सैंपल एसएमएस भेजा**

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर मंगलवार को दुबई से आए एक यात्री में मंकी पॉक्स के लक्षण दिखने के बाद वहां उसे आरयूएचएस हॉस्पिटल में आइसोलेट किया गया है। हालांकि जांच में उसके चिकन पॉक्स पाया गया है। एहतियात के तौर पर मंकी पॉक्स की जांच के लिए उसका ब्लड सैम्पल लेकर सवाई मानसिंह अस्पताल भेजा गया है।

प्रदेश में मंकी पॉक्स को लेकर फिलहाल कोई रोगी सामने नहीं आया है। इस रोग को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क और सजग है तथा भारत सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित की जा रही है।

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि नागौर जिले के मौलासर का एक 20 वर्षीय युवक दुबई से सांगानेर एयरपोर्ट पहुंचा था। एयरपोर्ट पर हैल्थ ऑफिसर द्वारा की गई स्वास्थ्य जांच में उसके शरीर पर रेशेज पाए गए।

इसके बाद इस युवक को आरयूएचएस अस्पताल रैफर किया गया, जहां जांच में उसके चिकन पॉक्स होना पाया गया। फिर भी एहतियात के तौर पर मंकी पॉक्स की जांच के लिए उसका ब्लड सैम्पल लेकर सवाई मानसिंह अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल युवक की हालात स्थिर है और वह उपचाराधीन है। डॉ. माथुर ने बताया कि युवक के आस-पास बैठे हुए यात्रियों की भी एयरपोर्ट अथॉरिटी के सहयोग से ट्रेसिंग की जा रही है। अगर युवक जांच में पॉजिटिव पाया जाता है तो भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। निदेशक जनस्वास्थ्य ने बताया कि दुबई मंकी पॉक्स से प्रभावित देशों में शामिल नहीं है। आरयूएचएस हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि एम पॉक्स को लेकर हॉस्पिटल में विशेष व्यवस्था की है। एक पूरा फ्लोर सिर्फ एम पॉक्स से ग्रसित मरीजों के इलाज के लिए रिजर्व रखा गया है।

## सिंगापुर में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रदेश में कारोबार के लिए कंपनियों को आमंत्रित किया

**जयपुर।** ‘राइजिंग राजस्थान’ ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में सिंगापुर दौरे पर गए एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को वहां इन्वेस्टर मीट में हिस्सा लिया और वहां की कई प्रमुख कंपनियों के आला अधिकारियों के साथ मुलाकात की। इन मुलाकातों में उद्योग मंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने निवेशकों और व्यापारिक जगत के अधिकारियों से राजस्थान आने, राज्य में निवेश की संभावनाएँ तलाशने और व्यापार के नए अवसर बनाने का आग्रह किया। इस दौरान निवेशकों और कंपनियों को माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार द्वारा व्यापार जगत के लिये लिए जा रहे अनुकूल नीतिगत निर्णयों से भी अवगत कराया गया।

सिंगापुर इन्वेस्टर मीट में बोलते हुए राठौड़ ने कहा, सिंगापुर की कंपनियां राजस्थान के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में निवेश करने पर विचार कर सकती हैं। हमारे राज्य से वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर, और 2 एक्सप्रेसवे-दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेसवे-गुजरते हैं। इन दोनों एक्सप्रेसवे के दोनों ओर जमीन व्यवसायों के लिए उपलब्ध है। हमारे यहां साल में 320 दिन से ज्यादा धूप रहती है, हमारी आबादी युवा है, व्यवसायों को अनुकूल बनाने का सरकार का हर संभव प्रयास है और सबसे ज्यादा, हमारे पास राजनीतिक इच्छाशक्ति है।

## सार-समाचार

### हिरणों की मौत पर विश्नोई समाज में राष

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के लूणी क्षेत्र में आने वाले रूड़कली गांव में बीते दिनों आधा दर्जन हिरणों की मौत होने का मामला सामने आया है। हिरणों की मौत को लेकर विश्नोई समाज के लोग और विश्नोई समाज जागृति मंच संस्था की ओर से विरोध जताया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को समाज व संस्था के लोगों ने लूणी एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सभी ने हिरण की मौत के मामले में अधिकारियों से स्पष्ट जांच करवाने व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। विश्नोई समाज जागृति मंच संस्था के संगठन मंत्री पप्पाराम धायल ने बताया कि रुड़कली गांव में एक सप्ताह में आधा दर्जन हिरणों की अप्राकृतिक मौत होने की घटना सामने आई है। घटना को लेकर वन्यजीव प्रेमियों में भारी आक्रोश है। जहां घटना घटित हो रही वह अति प्रभावशील लोगों की जमीन है। घटना की जानकारी से विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया गया लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। ज्ञापन सौंपकर घटना की उच्च स्तरीय जांच करवाने और दोषी अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई। दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर पशु प्रेमियों ने अनिश्चितकालीन धरने की भी चेतावनी दी है। बताया जा रहा है कि पिछले हफ्ते आधा दर्ज हिरणों की रूड़कली गांव में मौत हो गई थी। हिरणों की मौत का कारण गांव में एक जमीन पर की गई तारबंदी में लगे जाल को माना जा रहा है। इस मामले की सूचना ठामीणों ने वन विभाग को दी थी। वन विभाग के कर्मचारी दो हिरण के शव को वहां से जांच के लिए लेकर गए थे। लेकिन इसके बाद वन विभाग की ओर से आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### भाटी ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) द्वारा सेवा समिति द्वारा संच.ालित वृद्धाश्रम, पाली की विजिट कर वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। सचिव, भाटी द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से वार्तालाप कर भोजन-पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। दौराने विजिट रसोई की सफाई, कमरों की सफाई, स्नानघर एवं शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था उत्तम पाई गई। वृद्धाश्रम के भवन एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में सचिव, विक्रम सिंह भाटी को विस्तार से जानकारी दी गई। वृद्धाश्रम में वर्तमान में 75 वरिष्ठ नागरिक आवासित है, जिनके रहने हेतु पृथक-पृथक कक्ष, बेड, पुस्तकालय इत्यादि की व्यवस्था है। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों हेतु वृद्धाश्रम में फिजियोथैरेपी की सुविधा उपलब्ध है, जहाँ मरीजों की विषय-विशेषज्ञों द्वारा जांच की जाती है। इसके अतिरिक्त आयुर्वेदिक उपचार भी उपलब्ध करवाया जाता हैं तथा नियमित रूप से स्वास्थ्य जाँच करवायी जाती है। वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को संतुलित पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाया जाता है। सचिव, भाटी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण हेतु विभिन्न अधिनियिम/प्रावधान उपलब्ध हैं, परन्तु वरिष्ठ नागरिकों को शीघ्रताशीघ्र न्याय प्रदान करने के लिए माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा एवं रालसा द्वारा जारी वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी।

### स्कूल व गांव एकल यूज प्लास्टिक मुक्त

**धोरीमन्ना**, (निसं)। जिला कलेक्टर की ओर से स्वच्छ भारत अभियान के तहत शुरू किये गए नवो बाडमेर अभियान को थेट गांव तक आगे बढ़ाते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाबूबेरा धोरीमन्ना व पूरे गांव को शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर एकल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने का सफलतम प्रयास किया। स्टेट अवार्डी शिक्षक व पर्यावरण प्रेमी जगदीश प्रसाद विश्नोई ने बताया कि हमने बाड़मेर जिला कलेक्टर टीना डाबी की प्रेरणा से स्वच्छता को प्रमुख स्थान दिया और विद्यालय परिसर को एकल यूज प्लास्टिक से मुक्त कर दिया। साथ ही पूरे गांव को एकल यूज प्लास्टिक से मुक्त बनाने का सोचा और विद्यार्थियों का सहयोग लेकर इस पहल को आगे बढ़ाया। तब बच्चों ने कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का विश्वास दिलाया, तो हमने बच्चों को कहा कि आप घर जाते और आते मार्ग में जो भी पॉलिथीन देंखें उसे बीनकर बडे थैले या कट्टे में भर लें व विद्यालय लेकर आ जाएं। जिसे यहां निस्तारित कर दी जायेगी। इसी पहल को आगे बढाया तो विद्यालय परिसर व गांव एकल यूज पॉलिथीन मुक्त हो गया फिर बच्चों को रोज इस तरह विद्यालय व गांव को पॉलिथीन मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया गया। वरिष्ठ अध्यापक मोहनलाल चौधरी ने विद्यार्थियों को पॉलिथीन उपयोग के दुष्परिणाम से अवगत कराया व बच्चों को तख्तियां व बैनर देकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने की शपथ ली। यदि मजबूरी में उपयोग ले ली तो सही निस्तारण करेंगे।

### अन्तर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह 11 तक

**पाली**, (नि.सं.)। महिला अधिकारिता विभाग पाली के निर्देशानुसार विवेकानन्द शिशु सदन उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर पाली में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 50 बालिकाओं ने भाग लिया। उप निदेशक महिला अधिकारिता विभाग भागीरथ ने बताया कि जिला हब एम्पावरमेन्ट ऑफ वूमन से जेण्डर स्पेशलिस्ट राजश्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत् प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडो योजना एवं सखी वन स्टोप एवं महिला सुरक्षा सलाह केन्द्र की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही इन्दुबाला द्वारा बालिकाओं को महिला क्षेत्र में श्रेष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं सामान्य जानकारी सम्बन्धि प्रश्नोत्तरी प्रतियेगिता कार्यक्रम किया गया जिसमें कक्ष 4 से 10 तक की छात्रा डिम्पल, क्रितिका, जयश्री, खुशी, तान्या, दिव्या, क्रितिका वंशिका, स्वाति आदि ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और सभी प्रश्नों के उत्तर देकर विभाग द्वारा उपहार पाकर खुश हुई तथा कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक हरवंश दवे एवं सुमित्रा वैष्णव, सुमित्रा कण्डारा, उषा दरक, महेन्द्र सैन, बेराराम एवं ललीत अध्यापक उपस्थित रहे।

### भाटी ने बाल गृहों का जायजा लिया

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली द्वारा राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, पाली तथा राजकीय शिशु गृह, पाली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव भाटी द्वारा राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह तथा शिशु गृह की साफ-सफाई, बालकों के लिये स्वच्छ कपड़ें, बिस्तर, भोजन व आहार, चिकित्सा व्यवस्था, पालनागृह, भवन की भौतिक स्थिति आदि व्यवस्थाओं बाबत् जायजा लिया। साथ ही सचिव भाटी द्वारा गृह में आवासित बालकों से वार्तालाप किया गया तथा गृह में मिलने वाली सुविधाओं तथा अध्ययन के संबंध में जानकारी ली गई। बालकों द्वारा गृह में पर्याप्त पोषित आहार तथा नाश्ते में आवश्यकतानुसार चाय एवं दूध उपलब्ध करवाया जाना बताया। वर्तमान में बालकों के खेलने हेतु इंडोर गेम्स में केरम, सांप सीढ़ी, लुड़ो इत्यादि उपलब्ध है। चिकित्सक द्वारा नियमित रूप से विजिट कर स्वास्थ्य जांच की जाती है। सुमन परिवीक्षा अधिकारी, पुष्पलता टांक सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, खुमाराम बाल न्यायमित्र आदि उपस्थित रहे।


### सांचौर में टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2 शुरू

**सांचौर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 की शुरुआत हुई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर शक्ति सिंह राठ्ठौड ने कैंपेन का पोस्टर विमोचन किया। जिला सीएमएचओ डॉ बीएल बिश्नोई ने इस अवसर पर बताया कि कैंपेन के तहत चिकित्सा विभाग द्वारा जिले में 60 दिवसीय कार्ययोजना बनाकर युवाओं एवं आमजन को तंबाकू के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान बताएंगे तथा उन्हें तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर सांचौर उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार, डिप्टी सीएमएचओ डॉ वीरेंद्र हेमथानी, बीसीएमओ डॉ ओम प्रकाश सुथार, डॉ मानवेंद्र विश्नोई सहित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

### 8 फीट लंबे कोबरा सांप का रेस्क्यू

**धोरीमन्ना**, (निसं)। धोरीमन्ना मंगलवार महादेव नंदी गौशाला दीनगढ़ की टीम के माध्यम से राजस्व गांव टांका स्टेशन में मंगलवार को वन विभाग की रेसक्यू टीम के द्वारा कोबरा सापं 8 फिट की लंबाई आयु 35 वर्ष को सुरक्षित रूप से पकडकर वन विभाग को सौपा। चौहटन क्षेत्र रेंजर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि किसी भी क्षेत्र में अगर वन्य जीव जंतु आए, तो हमें सूचना देना हमारी टीम आएगी। रेस्क्यू करके ले जाएगी किसी भी प्रकार की आम जनता को जन हानी नहीं हो। स्थानीय लोगों का पूरा सहयोग रहा। कोबरा पकड़वाने के लिए हेमाराम , मोहनलाल, किरताराम, रामाराम मैसाराम डालूराम जयराम, दिनेश, शिवम मौजूद रहे।

# संस्कृति के अनुरूप नारी के प्रति दृष्टिकोण बदलें : सुथार


उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्रनगर जालोर में शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने कन्या पूजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भारत भूमि का जलवायु प्रकृति नदी और पर्वत सभी पवित्र तत्व है। संसार की एक मात्र नदी गंगा का नीर वर्षों तक कभी अपवित्र नहीं होता वह मोक्षदायनी है। ऐसे ही हमारे संस्कार भारतीय सभ्यता के अनुरूप है। सरकार केवल सुविधा और अवसर प्रदान कर सकती है। लेकिन संस्कार हमारे घर से ही शुरू होते हैं। आज पाश्चात्य संस्कृति में मोबाइल हमारा स्वास्थ्य और सांस बन गया है। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जोधपुर प्रांत कार्यवाह खीमाराम सुथार ने मंगलवार को मंगलवार को शहर के राजेंद्र नगर उच्च माध्यमिक विद्यालय में महिला शिक्षिकाओं और राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की उप शाखा द्वारा 71 कन्याओं का विधिपूर्वक पूजन कर प्रसादी का आयोजन किया गया।

उन्होने कहा कि इसे त्याग कर हम सभी को सामाजिक समरसता के साथ एक और नेक बनकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना होगा।

उन्होंने भारतीय इतिहास में जहां-जहां नारी का अपमान हुआ है। वहां पतन तय हुआ और जिस स्थान पर नारी की पूजा की गई। वह स्थान देवमय हो गया। इसलिए हमारा बालिकाओं और स्त्रियों के प्रति दृष्टिकोण बदलें, अपमान के स्थान पर सम्मान का भाव आए।

उन्होंने कहा कि नवरात्र के अवसर पर 9 का अंक ही अपने आप में बडा ही महत्व वाला है। जिसे ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हमें समझना चाहिए। वही सरस्वती माता की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किस्तुराराम बामनिया, डाइट प्रधानाचार्य शांतिलाल दवे, विद्यालय के प्रधानाचार्य वसनाराम राष्ठौड, सेवानिवृत्ति एडीओ मुकेश कुमार सोलंकी, प्रधानाचार्य मनीष ठाकुर सहित की उपस्थित में सभी अतिथियों ने बालिकाओं का कुमकुम तिलक रौली और चावल से स्वागत किया तथा चुनरी ओढाकर बहुमान किया।

बालकों द्वारा चरण प्रक्षालन के बाद सभी पूजित बालिकाओं को पादुका पहनाई गई।

इस अवसर पर भाजपा नेता दिलीप सोलंकी राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा जालौर के अध्यक्ष कृष्णपालसिंह सामुजा महिला उपाध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक भाग्यवती परमार पूर्व अध्यक्ष करणसिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणपतसिंह मंडलावत उपाध्यक्ष खीमसिंह राठौड, अमितकुमार, राजशेखर देवेश दुआ प्रियंका तिवारी अंशु वशिष्ठ पृथ्वीराज दवे अमरसिंह धनवंत सहित विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। कन्या पूजन के इस कार्यक्रम का संचालन गणपतसिंह भंवरानी ने किया।

# शेखावत ने जोगीदास धाम में ज्योत के दर्शन किए


केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ( दाएं से तीसरे ) ने माताराणी भटियाणीसा की जन्मस्थली जोगीदास धाम के दर्शन किए। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को मातारानी भटियाणीसा की जन्मस्थली पवित्र स्थल जोगीदास धाम पहुंचकर श्री भुआजीसा स्वरूपकंवरजी के ज्योत दर्शन कर धोक लगाई।

उन्होंने श्री लाल बन्नासा और श्री सवाईसिंह राठौड़ के मन्दिर में भी दर्शन किए। इस दौरान अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष संदीप काबरा भी साथ रहे।

रजत जयंती महोत्सव पर धाम परिसर में आयोजित की जा रही श्रीराम कथा में शामिल हुए। उन्होंने सन्त कृपाराम महाराज के प्रवचन सुने।

शेखावत ने कहा कि सड़क और पानी से संबंधित शिकायतों को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि ये समस्याएं राज्य सरकार से संबंधित हैं। वो जल्द इन समस्याओं का निराकरण करा देंगे।

## बाइक चोरी व मोबाइल लूट के आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। शहर की प्रतापनगर पुलिस ने गाडियां चुराने और मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो हिस्ट्रीशीटरों को पकड़ा है।

जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने दो बाइक और एक लूट का मोबाइल बरामद किया है। आठ दिन में दो बाइक चोरी के साथ मोबाइल की वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि जिला पश्चिम में बढ़ रही वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए एडीसीपी वेस्ट निशांत भारद्वाज, एसीपी प्रतापनगर अंशु जैन के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

मामले के अनुसार 6 अक्टूबर को बालाजी कॉलोनी, मसूरिया निवासी पवन कुमार पुत्र कन्हैयालाल ने रिपोर्ट दी कि वह 5 अक्टूबर की रात में गरबा देखने के लिए जूना खेड़ापति गौशाला के पास गया था।

वापिस लौटा तो उसकी बाइक चोरी हो गई। इस बारे में प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज और सूचना संकलन करते हुए दो शातिर हिस्ट्रीशीटर मूलतः इंद्रोका हाल प्रतापनगर स्थित चांदणा भाखर निवासी रविंद्र सिंह पुत्र अर्जुनसिंह एवं गुरों का तालाब निवासी लालसिंह पुत्र नरपत सिंह को दस्तयाब कर पूछताछ की।

तब इन्होंने बताया कि उक्त वारदात के अलावा 29 सितंबर को रायबहादुर मार्केट के आगे से बाइक चुराई थी। साथ ही 6 अक्टूबर को शास्त्री सर्किल के पास से एक राहगीर से उसका मोबाइल लूटा था।

पुलिस निरीक्षक मुकेश कुमार के अनुसार आरोपियों से चोरी की दो बाइक के साथ लूट का मोबाइल जब्त किया गया है। वारदात को अंजाम देने से पहले यह लोग रैकी करते थे। दोनों हिस्ट्रीशीटर है।

# बेटा फ्रॉड गैंग के साथ पकड़ा, केस किया

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के माता का थान स्थित एक ईमित्र संचालक को कोयम्बूटर पुलिस गत फरवरी माह में साइबर फ्रॉड केस में गिरफ्तार कर ले गई थी। उसके साथ में तीन चार अन्य लोग भी गैंग के रूप में पकड़े गए। अब उसके पिता ने कोर्ट में इस्तगासे के माध्यम से गैंग के कुछ लोगों पर पुत्र को धोखे से फंसाने और खाता सीज कराने का केस दर्ज करवाया है। कोयम्बटूर में साइबर फ्रॉड का केस दर्ज हुआ था। माता का थान थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि मामले में भोपालगढ़ के धोरू निवासी जवरीलाल पुत्र चौखाराम की तरफ से केस दर्ज करवाया गया है। इसमें बताया कि उसका पुत्र सत्य नारायण मैसर्स आशापुरा ई मित्र सर्विस का संचालन करता था। उसके साथ में निखिल चौधरी, किशन, संदीप आदि ने मिलकर खातों से रूपयों को ट्रांसफर करवाया था। जिसके बाद उसके पुत्र सत्यनारायण का खाता सीज हो गया।

पुलिस निरीक्षक विक्रम सिंह के अनुसार मामला साइबर फ्रॉड का था। इसमें गत फरवरी में कोयम्बटूर पुलिस जोधपुर आई थी और उक्त लोगों को साइबर केस में गिरफ्तार कर ले गई थी। जिसमें परिवादी के पुत्र को भी नामजद किया गया था। अब पिता ने उसके पुत्र के साथ निखिल चौधरी, संदीप, किशन आदि द्वारा फ्रॉड किए जाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया है।

## मदन राठौड़ से सोढ़ा ने मूलभूत सुविधाएं मांगी

**जैसलमेर**,(नि.सं.)। अध्यक्ष राष्ट्रीय मरु उधान संघर्ष और विकास समिति जुगतसिंह सोढ़ा नेमदन राठौड़ प्रदेश अध्यक्ष भाजपा राजस्थान से जयपुर कार्यालय में मुलाकात कर राष्ट्रीय मरू उद्यान क्षेत्र के रहवासियों को मूलभूत सुविधाएं दिलवाने की बात रखी।

वर्षो से अटकी पडी भारत माला रोड जो सैन्य दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है प्रोजेक्ट 2018 से अटका पड़ा है जिसकी राष्ट्रीय मरू उद्यान विभाग और एनएचआईए द्वारा सारी कार्रवाई कर प्रोजेक्ट की अनुमति हेतु अरण्य भवन वन विभाग कार्यालय मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक को दे दी गई है वहां से मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक में पास होकर के भारत सरकार को भेजा जाएगा। राठौड़ ने मुख्यमंत्री , वन मंत्री को पत्र लिखकर के जल्दी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। ज्ञात रहे कि 2011 में तत्कालीन कलेक्टर गिरिराजसिंह कुशवाहा द्वारा राष्ट्रीय मरू उद्यान क्षेत्र के म्याजलार निवासियों को पट्टे प्रदान किये थे,कुशवाहा का तबादला होने के पश्चात पट्टे आज तक नही मिल पाए। सोढा ने प्रदेश महामंत्री श्रवणसिंह बगडी, जालौर सिरोही सांसद लुंबाराम से भी बात की।

# नरसिम्हानंद के खिलाफ मुस्लिम समाज में रोष पनपा



जालोर में मुस्लिम समाज के लोग ज्ञापन देने कलैक्ट्रेट पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर में मुस्लिम समाज के लोगों ने संत नरसिम्हानंद द्वारा हजरत पैगंबर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए विरोध में मंगलवार दोपहर साढे तीन बजे सोनगरा बालोद्यान से रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम जिला कलैक्टर जालोर को ज्ञापन सौंपा।


प्राप्त जानकारी के अनुसार जालोर में मीम सेना के संयोजक शकूर राणा के नेतृत्व में रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा।

वहीं कलैक्ट्रेट के समक्ष मुस्लिम समाज के लोगों ने संत नरसिम्हानंद का पुतला जलाया गया। वही हजरत पैगंबर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के विरोध में रोष प्रकट कर उनके खिलाफ कडी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई।

इस दौरान काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे।

## सार-समाचार

### भंसाली महोत्सव समिति के संयोजक बने


जगदीशचन्द भंसाली

**पाली**,(नि.सं.)। पाली नगर के कई संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी जगदीशचन्द भंसाली पाली को बाड़मेर नगर में 16 फरवरी 2025 को होने वाली केयुप भवन परिसर में जिन मन्दिर अंजनशालाका प्रतिष्ठा व दीक्षा महोसत्व के पंचान्हिका महोत्सव के सम्पूर्ण कार्यो की व्यवस्थाओं के लिए सूरत में खरतरगच्छाधिपति जिन मणि प्रभ सूरीश्वरजी म.सा. के मुखारबिन्द से संयोजक बनाये गये। इसी कार्यक्रम में सम्पतराज धारीवाल सनावडा वाले हाल सूरत, मदनलाल मालू कानासर वालो को सह संयोजक मनोनीत किया गया है। संयोजक व सह संयोजक संघ के साथ सभी का सहयोग लेकर समितियों का गठन कर सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। संयोजक बनने के बाद जगदीशचन्द भंसाली पाली ने कहा कि बाड़मेर में आगामी 16 फरवरी को होने वाली मुमुक्षुओं के दीक्षा के कार्यक्रम व मोक्ष मार्ग स्थित केयुप भवन परिसर में जिन मन्दिर व दादावाड़ी के अंजनशलाका प्रतिष्ठा के पंचान्हिका महोत्सव के कार्यक्रम की समितियां बनाकर तैयारियां जल्द ही शुरू की जायेगी। ऐतिहासिक कार्यक्रम को चार चान्द लगाने के लिए बैठकों का दौरा जारी है। यह जानकारी केवलचन्द छाजेड़ ने दी। जश्ने

### चिकित्सा सहित कार्यों की समीक्षा की

**बालोतरा**, (निसं)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलैक्टर सभागार में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। यादव ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए विभाग समुचित तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने खण्ड स्तर पर मौसमी बीमारियों की स्थिति की जानकारी ली और रोकथाम एवं नियंत्रण के संबंध में निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों में मौसमी बीमारियों के केस आ रहे हैं तथा मलेरिया, डेंगू सहित अन्य मौसमी बीमारियों के पॉजिटिव केस पाए जाने पर संबंधित क्षेत्र में गतिविधियों का आयोजित किया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही आमजन में जागरूकता को लेकर प्रभावी कार्य करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी जिला स्तरीय पर आयोजित होने वाले राजस्थान राइजिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 कार्यक्रम में उद्यमियों को राज्य सरकार की उद्योगों से संबंधित योजनाओं के संबंध में जानकारी उपलब्ध करवाये एवं उन्हें जिले में उद्योग लगाने के लिए प्रेरित करें। जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वांकाराम चौधरी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी संदीप देवात, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अनंत आर्य, रीको क्षैत्रीय प्रबंधक सुशील कटियार, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

### गौसुलवरा कार्यक्रम पर चर्चा की

**जालोर**, (निसं)। जालोर शहर के लाल पोल के अन्दर जश्ने गौसुलवरा कार्यक्रम को लेकर सोमवार रात्रि को मदीना कोलोनी विकास सेवा संस्थान की बैठक सदर अयूब शेख की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें 16 अक्टूबर को गोसुल वरा व सालाना इजलास को लेकर तैयारियां को लेकर चर्चा हुई मदीना कॉलोनी विकास संस्थान के सदर अयूब शेख ने बताया कि जालोर शहर के लाल पोल के अन्दर तकिया के वसी मैदान में 16 अक्टूबर को गौसूल वरा व सालाना इजलास को लेकर कार्यक्रम रखा गया है जिसमें खुशुसी मुकर्रिर इस्लामिक स्कॉलर दाई ए इस्लाम हजरत अल्लामा मोलना कारी इकबाल रजा साहब मुरादाबाद यूपी तशरीफ ला रहे है। शेख ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन कर युवाओ ंको जिम्मेदारियां सौपी गई साथ ही कार्यकम को लेकर बाहर से आने वाले उलमाओं सहित अतिथियों के ठहरने सहित अन्य सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में आरीफ सिलवाट, सलीम खां, अयूब खां, आबाद अली, अब्दूल सिलावट, सलमान सिलावट, कासीमखां, वाहिद खां, शाहबाज खां, साबीर खां, सदाम खां सहित कई जने मौजूद रहे।

### टोबैको फ्री यूथ कैंपेन का पोस्टर जारी

**बालोतरा**, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 2 अभियान की शुरुआत जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वांकाराम चौधरी ने टोबैको फ्री यूथ कैंपेन का पोस्टर विमोचन कर अभियान की शुरुआत की। पोस्टर विमोचन के दौरान जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने कहा कि सभी विभागों राज्य सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप कार्य करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी ने बताया कि अभियान में जिले भर में ६० दिवसीय कार्य योजना पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें मुख्यतः लोगों को तंबाकू के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में समझाया जायेगा। साथ ही तंबाकू छोडने के लिए आम लोगों को प्रेरित किया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण, एसआरकेपीएस के राज्य समन्वयक हिरेंद्र सेवदा एवं सवेरा संस्थान बालोतरा के सचिव खींयाराम चौधरी सहित कई जने उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य विभाग सतर्क रहे : सुशील यादव

**बालोतरा**, (निसं)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने मंगलवार को गिड़ा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलैक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता की जांच की। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मिल रही चिकित्सा सुविधाओं का फीडबैक किया। जिला कलैक्टर ने आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता, जांच तथा उपचार की व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के परिसर में सफाई व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होने कहा कि बदलते मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क एवं पूरी तरह तैयार रहे। उन्होंने ओपीडी रूम में अत्यधिक भीड ना हो, इसके लिए अलग अलग रूम की व्यवस्था करने एवं प्रयोगशाला एवं निशुल्क दवा काउन्टर के मध्य उचित दूरी रखने के निर्देश दिये। ताकि मरीजों को निशुल्क जांच करवाते एवं दवा लेते समय किसर प्रकार की दिक्कत ना हो। इस दौरान सभी चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टॉफ उपस्थित रहा।

### ठेके से फौजी का रुपयों से भरा बैग चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के माता का थान पुलिस थाना क्षेत्र स्थित एक वाइंस शॉप में बैठकर शराब पी रहे फौजी का रूपयों से भरा बैग चोरी हो गया। बैग में साढ़े चार लाख रूपए थे। बैग का पता नहीं चलने पर फौजी ने अब माता का थान पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ठेके में लगे सीसीटीवी फुटेज से बैग चोर का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि मूलतः करवड़ के केलावा हाल राजेंद्र नगर डिगाड़ी निवासी एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया। इसमें बताया कि वह फौज में है और 5 अक्टूबर की शाम को वह ओमकार वाइंस के ठेके में बैठकर शराब पी रहा था। साथ में एक अन्य भी था। उसके पास में एक बैग में 4.50 लाख रूपए रखे हुए थे। शराब पीने के बीच में उसका बैग चोरी हो गया। काफी तलाश करने पर बैग नहीं मिला। थानाधिकारी विक्रम सिंह के अनुसार ठेके पर लगे सीसीटीवी फुटेज से बैग चोर का पता लगाने का प्रयास जारी है। फिलहाल ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है।

### फुल ऑटोमेटिक मशीन का लोकार्पण

**जोधपुर**, (कासं)। मथुरादास माथुर अस्पताल के बायोकेमिस्ट्री लैब में एचबीए1सी की अत्याधुनिक गुणवत्ता की फुल ऑटोमेटिक मशीन का लोकार्पण किया गया। यह गोल्ड स्टेन्डर्ड एचपीएलसी आधारित राजस्थान की पहली मशीन हैं जो कि न्यूनतम समय में एचबीए1सी (शूगर की तीन महिनों की जांच) की रिपोर्ट जारी करेगी। यह मशीन यूएसए एफडीए अप्रूड मशीन है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. भारती सारस्वत, उप अधीक्षक, एमडीएम डॉ संदीप अरोड़ा, विभागाध्यक्ष डॉ विहान चौधरी एवं समस्त लैब स्टॉफ उपस्थित थे।

### धोरीमन्ना में जनसुनवाई 10 को

**धोरीमन्ना**, (निसं)। जन अभियोग निराकरण विभाग राजस्थान सरकार के नविनत निर्देशानुसार माह के द्वितीय गुरुवार को 10 अक्टूबर को पूर्वाहन 11 बजे से पंचायत समिति धोरीमन्ना के कक्ष राजीव गांधी भारत निर्माण सेवा केंद्र धोरीमना में उपखंड अघिकार की अध्यक्षता में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।


MARUTI SUZUKI ARENA
उमंग भरी ड्राइव्स के साथ मनाइए नवरात्रि की खुशियां।
पाएं आकर्षक ऑफ़र्स मन की शांति के साथ।
ALTO K10
S-PRESSO
WAGONR
CELERIO
महा बचत
ALTO K10 ₹66 400*
S-PRESSO ₹72 950*
WAGONR ₹63 100*
CELERIO ₹78 000*
3 years 100 000 km WARRANTY* EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
Scan to know more
SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Pre-approved loans
Multiple financiers
Custom generated loans
Loan status tracking
SCAN TO CHAT WITH US
ALTO K10
S-PRESSO
WAGONR
CELERIO
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
Black glass on the vehicle is due to lighting effect
MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: SIKAR: JAMU AUTOMOBILES: (01572) 245515 / 246219. NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES: 9785644715. JHUNJHUNU: AURIC MOTORS: 8955664400. KOTA: BHATIA & COMPANY: CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: 9001997116, 9001997113, 9587898054. SUWALKA MOTORS PVT. LTD.: KUNHARI: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: 9116178527. BHAWANIMANDI: 9116178557. KHANPUR: 07430-299240, 8306333715. JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED: SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 6377715171. AHORE: 9015900500. SAYLA: 9015900500. SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.: PRATAP NAGAR: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: 9928841300, 9116150669, 9929244402. L.M.J. SERVICES LTD: A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. NAGAUR: MANGALAM MOTORS: 9116008626, 9116008630. PALI: L.M.J. SERVICES LTD.: 02932 - 256177, 8094011136. SIROHI: NAVNEET MOTORS: 02972-222917-18, 7665010638. UDAIPUR: NAVNEET MOTORS: MADRI: 0294-2494454, 7230046380. SHOBHAGPURA: 9829043600. TECHNOY MOTORS: GOVARDHAN VILLAS: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. BANSWARA: NAVNEET MOTORS: 9414159145, 7665010632, 7412074100. BHILWARA: CHAMPION CARS: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. BHARATPUR: TM MOTORS: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117. SAWAI MADHOPUR: PREM MOTORS PVT. LTD.: SAWAI MADHOPUR: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.: DAUSA: 9773364861. LALSOT: 9773364863. BANDIKUI: 9773364864. MAHWA: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: 9773364865. UNIARA: 7742944482. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: PHULERA: 7412077062. SAMBHAR: 7412068410. ACHROL: 7412077078. FORTUNE CARS: KARAULI: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: 9214794314/8875007758. PREM MOTORS PVT. LTD.: BASSI: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: 07462-220029/8058799005/8058794181. GANGAPUR CITY: 8058794021. BAGRU: 8058401166. KOTPUTLI: 8058794121. JOBNER: 8058796065. RENWAL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: 8058794042. DUDU: 8058406655. PHAGI: 8058403338. KANOTA: 8058794167. TUNGA: 8058794137. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: TONK: 9549651924. CHAKSU: 9549651926. SHAHPURA: 8696925275. DEOLI: 8696934957. MALPURA: 9549650513. NIWAI: 9667777114. PAOTA: 9549650495. VIRATNAGAR: 6350612446. JAMWA RAMGARH: 6350612727. SANGA AUTONATION: 9057809150, 7734901000.BIKANER: DUDI AUTOMOBILES: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. LUNKARANSAR: 7412075129. SRI KOLAYAT: 7412075129. AURIC MOTORS: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. AJMER: RELAN MOTORS: 0145-2610106, 9214444222. AJMER AUTO: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. ALWAR: MG MOTORS: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS: 8955559963. DUDI AUTOMOBILES: PADAMPUR: 7412075151. CHURU: TRS CHURU: 8882899302.
*Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. **Terms and conditions apply. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Offer valid with select financiers only. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. *3 years or 100 000 km whichever is earlier. Above offers are valid till 31st Oct, 2024.